दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
● नई दिल्ली। सोमवार 30 सितम्बर -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 351 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## पीएम मोदी ने फोन कर जाना खड़गे की सेहत का हाल

### रैली के दौरान बिगड़ी थी कांग्रेस अध्यक्ष की तबीयत



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में चुनावी कार्यक्रम के दौरान जब खड़गे लोगों को संबोधित कर रहे थे उसी दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई। हालांकि थोड़ा बेहतर महसूस करने पर उन्होंने फिर भाषण दिया और मोदी सरकार की जमकर आलोचना की, अब पीएम मोदी ने कांग्रेस अध्यक्ष को फोन कर उनसे बात की और उनकी सेहत की जानकारी ली है। जम्मू-कश्मीर के बिलावर में रविवार को एक चुनावी कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अचानक तबीयत बिगड़ गई. अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मल्लिकार्जुन खड़गे से फोन पर बात कर उनका हालचाल जाना और स्वास्थ्य की जानकारी ली। बता दें कि तबीयत बिगड़ने के बाद थोड़ा बेहतर महसूस करने पर खड़गे फिर से मंच पर आए और मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि 'जब तक मोदी सत्ता में हैं, मैं नहीं मरूंगा...', इस दौरान शहीदों को श्रद्धांजलि देते वक्त खड़गे भावुक भी नजर आए।




# कांग्रेस और सपा ने नहीं किया गरीबों का कभी भला मोदी-योगी ने दी हैं दर्जनों सौगात : अनिल राजभर

## कैबिनेट मंत्री बोले जल्द योगी सरकार बढ़ाएगी श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी







**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** रविवार को पटेल नगर तृतीय स्थित द यूफोरिया बैंक्विट हॉल में मेधावी छात्रों को पुरस्कार एवं भवन निर्माण असंगठित कर्मकारों को विभिन्न योजनाओं के संबंधित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री श्रम एवं सेवायोजन समन्वय विभाग उत्तर प्रदेश अनिल राजभर ने अनेकों योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही अटल आवासीय विद्यालय उत्तर प्रदेश बुलंदशहर के बच्चों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार अनिल राजभर ने कहा है कि जिस तरीके के स्कूल योगी आदित्यनाथ की सरकार में अटल आवासीय विद्यालय के रूप में विकसित किए गए हैं, ऐसे विद्यालय ना तो दिल्ली के सर्वोदय विद्यालय हैं और ना ही सैनिक स्कूल इस प्रकार के बनाए गए हैं। उन्होंने इस दौरान लोगों और पत्रकारों से अपील की कि वह बुलंदशहर स्थित अटल आवासीय विद्यालय में जाएं। यहां कक्षा 6 से लेकर 12 तक का विद्यालय चल रहा है। इसमें मजदूर, गरीब और ऐसे निर्धन लोगों के बच्चे पढ़ रहे हैं, जिनके लिए पढ़ाई कभी सपना थी। इस दौरान अनिल राजभर ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा है कि जो पार्टी देश में 60 साल तक सत्ता में रही, वह आज आरक्षण के खिलाफ, संविधान को बचाने, गरीबों के लिए कुछ बात करती है, यह ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि अटल आवास विद्यालय आज उत्तर प्रदेश सरकार का एक रोल मॉडल है। जो आने वाले प्रदेशों में जल्द नजर आएगा। अनिल राजभर ने कहा है कि इसे अभी हर मंडल पर बनाया गया है। भविष्य की योजना है कि इसके निर्माण का कार्य आगे तेजी से जिला लेवल पर भी किया जाए। इस दौरान अनिल राजभर ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर कानून व्यवस्था और गरीबों के लिए कुछ ना किए जाने का गंभीर आरोप भी लगाया है। उन्होंने कहा कि आज बहन, बेटी गरीबों के बच्चे सब पढ़ लिख सकते हैं और श्रमिक मजबूत हो रहे हैं।

### अनिल राजभर ने कहा 5000 श्रमिक इजराइल में कर रहे हैं काम

**करंट क्राइम ।** गाजियाबाद में श्रम एवं सेवायोजन समन्वय विभाग उत्तर प्रदेश की ओर से निर्माण श्रमिकों के बच्चों और मेरठ मंडल के अंतर्गत अटल आवासीय विद्यालय कक्षा 7, 8, 9 के विद्यालयो के विद्यार्थियों को रविवार को बड़ी संख्या में चेक एवं अन्य राहत सामग्री वितरित की गई है। इस दौरान ट्रक चालक आशीष की पत्नी अंशु को 7 लाख रुपए का चेक दिया गया। वहीं शिवकुमार शिवरानी के साथ ही कई अन्य विद्यार्थियों एवं ऐसे लोगों को प्रोत्साहित किया गया है कि वह भविष्य में सुनहरा नजारा देख पाएं। इस दौरान कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार अनिल राजभर ने जानकारी दी है कि बीते दिनों में उत्तर प्रदेश से 5000 श्रमिक इसराइल भेजे गए हैं और 6000 अन्य मजदूरों के लिए इजरायल की ओर से मांग भी की गई है। उन्होंने बताया है कि यहां एक-एक श्रमिक को एक लाख 38000 रुपए की मजदूरी मिल रही है। यह उनके लिए एक सपना था, जो उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने साकार करके दिखाया है। इस दौरान उन्होंने कहा है कि कई अन्य देशों से मजदूरों की डिमांड आ रही है। कैबिनेट मंत्री ने कहा है कि लोग श्रम विभाग और उसकी योजना का लाभ तभी ले पाएंगे, जब वह यहां रजिस्ट्रेशन करेंगे। उन्होंने लोगों से अपील की है और अधिकारियों से कहा है कि इसे हर आय वर्ग के लोगों के बीच लेकर जाएं और अधिक से अधिक लोगों का इसमें रजिस्ट्रेशन कराया जाए।



### जल्द योगी सरकार बढ़ाएगी श्रमिकों का न्यूनतम मजदूरी मूल्य

**करंट क्राइम ।** कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार अनिल राजभर ने श्रमिकों को भरोसा दिलाया है कि जिस तरीके से बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर में श्रमिकों के मासिक वेतन को लेकर बढ़ोत्तरी की घोषणा की है, जल्द ही उत्तर प्रदेश की योगी सरकार भी श्रमिकों की मजदूरी बढ़ाने का काम करेगी। उन्होंने कहा है कि अब केंद्र सरकार की योजना के अंतर्गत आने वाले किसी भी श्रमिक को 20 हजार रुपये से कम मासिक नहीं मिलेगा। आने वाले दिनों में इसी व्यवस्था को उत्तर प्रदेश में भी लागू करवाया जाएगा।

### यूपी में अब तक 8 करोड़ 39 लाख श्रमिक करवा चुके हैं रजिस्ट्रेशन

**करंट क्राइम ।** कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कहा है कि उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जिस तरीके से श्रमिकों एवं गरीबों के लिए कल्याणकारी योजना चलते हैं, उसी की तर्ज पर योगी सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि जिस उत्तर प्रदेश की आबादी आज लगभग 25 करोड़ से अधिक है, वहां 8 करोड़ 39 लाख श्रमिकों का रजिस्ट्रेशन होना बताता है कि सरकार इस वर्ग को लेकर कितना चिंतित है।

### मंत्री अनिल राजभर ने की भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा की प्रशंसा



**करंट क्राइम ।** श्रम विभाग द्वारा आयोजित गाजियाबाद में कार्यक्रम के दौरान मंच पर भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा भी मौजूद थे। महानगर संजीव शर्मा का श्रम उपयुक्त अनुराग मिश्रा और यूपी श्रम आयुक्त पल्लवी अग्रवाल द्वारा स्वागत किया गया। तो इस दौरान कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि संजीव शर्मा से उनके रिश्ते करीब 20 साल से हैं। वह 2004 से संजीव शर्मा के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से संजीव शर्मा ने राजनीति में बहुत कम समय में बड़ी जिम्मेदारियां को हासिल करते हुए संगठन से लेकर सरकार तक समन्वय स्थापित करने का काम किया है, ऐसा बहुत कम लोग कर पाते हैं। साथ ही उन्होंने संजीव शर्मा के सरल व्यवहार और स्वभाव की भी मंच से प्रशंसा की।

## बच्चों और लाभार्थियों को वितरित किए चेक



### अटल आवासीय विद्यालय में 18 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**करंट क्राइम ।** कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर और उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री मनोहर लाल पंथ मन्नू कोरी ने इस दौरान अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा एवं शैक्षिक सत्र में मेधावी रूप से उत्तीर्ण करने वाले 18 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही कर्मचारी प्रतिकार अधिनियम 1923 के अंतर्गत तीन लाभार्थियों को 18 लाख रुपए से अधिक की धनराशि के चेक वितरित किए गए। वहीं ई-श्रम पोर्टल के तहत भी कुछ लोगों को मदद प्रदान की गई है। वहीं बाल श्रमिक विद्या योजना के अंतर्गत पांच लाभार्थियों को 51600 के चेक देकर लाभान्वित किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री श्रम योगी मंधन योजना के अंतर्गत पांच लाभार्थियों के पंजीकरण प्रमाण पत्र भी दिए गए।

### मोदी और योगी की सरकार ने गरीबों को गरीबी के दलदल से बाहर निकाला है : मन्नू कोरी



**करंट क्राइम ।** उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री श्रम एवं सेवायोजन उत्तर प्रदेश सरकार मनोहर लाल पंथ मन्नू कोरी भी गाजियाबाद में आयोजित श्रम विभाग के कार्यक्रम में उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से गरीबों को गरीबी के दलदल से बाहर निकलने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार द्वारा किया गया है, ऐसा कभी नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि गरीब पहले कर्ज में डूबा रहता था और एक दिन नौकरी करने के बाद उसे अगले दिन की परेशानी होती थी लेकिन सरकार लगातार न्यूनतम मजदूरी का पुन: निरीक्षण कर रही है। जिसकी वजह से आज श्रमिक भी खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि अटल आवासीय योजना के तहत अब तक उत्तर प्रदेश में 16 विद्यालय संचालित हैं। जहां आर्थिक रूप से सहायता प्राप्त बच्चों को बेहतर भविष्य बनाने के लिए शिक्षा और दीक्षा दी जा रही है। राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश एवं सेवायोजन उत्तर प्रदेश सरकार मनोहर लाल मन्नू कोरी ने कहा है कि वह दिन दूर नहीं है, जब अटल आवासीय विद्यालय के पढ़े हुए विद्यार्थी देश में आईएएस और आईपीएस बनने का काम भी करेंगे।

### श्रम विभाग के अधिकारियों ने किया अतिथियों का स्वागत

**करंट क्राइम ।** कार्यक्रम में मंच संचालन पूनम शर्मा द्वारा किया गया, तो कार्यक्रम में अपरिश्रम आयुक्त गौतम बुद्ध नगर क्षेत्र सरजूराम शर्मा, उप श्रम आयुक्त गाजियाबाद क्षेत्र अनुराग मिश्र, सहायक श्रम आयुक्त गाजियाबाद वीरेंद्र कुमार, सहायक श्रम आयुक्त हापुड़ सर्वेश कुमारी, सहायक श्रम आयुक्त बुलंदशहर पल्लवी अग्रवाल, प्रवर्तन अधिकारी संदीप कुमार, डॉ. रूपाली हंसराज, जितेंद्र सिंह, अरविंद और विजयपाल सोनकर सहित बड़ी संख्या में श्रम विभाग और भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिसमें सभी ने दोनों मंत्रियों का स्वागत भी किया।

## क्या नहीं की श्रम विभाग के कार्यक्रम की जनप्रतिनिधियों ने केयर, कार्यक्रम में नहीं थे सांसद और मेयर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** रविवार को श्रम विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन ,बाल श्रमिक विद्या योजना, राष्ट्रीय पेंशन योजना ट्रेडर्स और अटल आवासीय विद्यालय के मेधावी छात्रों को पुरस्कार एवं भवन निर्माण में संगठित कर्मकारों के विभिन्न योजनाओं के जागरूकता संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम के लिए खुद कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश श्रम एवं सेवायोजन समन्वय विभाग अनिल राजभर व राज्य मंत्री मनोहर लाल पंथ मन्नू कोरी गाजियाबाद पहुंचे थे। उनके कार्यक्रम में गाजियाबाद के तमाम जनप्रतिनिधियों के सरकारी पोस्ट और निमंत्रण पर नाम दर्ज थे, इसके बावजूद किसी भी जनप्रतिनिधि की इस कार्यक्रम में उपस्थित न होना कई तरीके के सवाल खड़े कर रहा था। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री और राज्य मंत्री भी आमंत्रित थे, वह भी कहीं नजर नहीं आए।

कैबिनेट और राज्य मंत्री के कार्यक्रम में भी नजर नहीं आए लोकल जनप्रतिनिधि



### न पहुंचे सांसद ,ना विधायक, ना मेयर

**करंट क्राइम ।** श्रम विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री और राज्य मंत्री आ रहे थे ,तो स्थानीय जनप्रतिनिधि होने के नाते कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप, सांसद अतुल गर्ग, महापौर सुनीता दयाल, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी, एमएलसी दिनेश गोयल, धर्मेंद्र भारद्वाज, श्रीचंद्र शर्मा और सुरेश कश्यप के साथ ही विधायक मुरादनगर अजीत पाल त्यागी, मोदीनगर विधायक डॉ मंजू शिवाच और विधायक नंदकिशोर गुर्जर का नाम था लेकिन इन तमाम गणमान्य और मंचासीन अतिथियों वाली लिस्ट में केवल एमएलसी सुरेश कश्यप ही पूरे कार्यक्रम में नजर आए। वहीं संगठन की ओर से भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा की उपस्थिति देखी गई। उधर सूत्र बता रहे हैं कि सांसद किसी कार्यक्रम के लिए बाहर थे, तो राज्य मंत्री हरियाण गए थे। तो वहीं अन्य जनप्रतिनिधि अन्य कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहे थे।

### प्रशासनिक अधिकारी भी रहे कार्यक्रम से दूर

**करंट क्राइम ।** वैसे तो पूरा आयोजन श्रम विभाग की ओर से किया गया था लेकिन निवेदक के रूप में मुख्य विकास अधिकारी और जिलाधिकारी का नाम भी इस निमंत्रण पत्र में दशार्या गया था लेकिन दोनों ही अधिकारियों की इस कार्यक्रम में अनुपस्थित देखने को मिली।




## आज लखनऊ में होगी भाजपा सदस्यता अभियान की समीक्षा

### महानगर संगठन पूरी तरह आश्वस्त, उनका दावा आराम से करेंगे टारगेट पूरा




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा अपने सदस्यता अभियान को गंभीरता से ले रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सदस्यता दिलाई। इस अभियान की गंभीरता को इससे समझा जा सकता है कि भाजपा ने अपने सांसदों से लेकर पार्षदों को सदस्यता अभियान का टारगेट दिया। मंडल अध्यक्ष से लेकर क्षेत्रीय अध्यक्ष को लक्ष्य दिया गया। किसने क्या दिया और सदस्यता अभियान में किसका क्या योगदान रहा है आज इसका एक तरह से लिटमस टेस्ट होगा। आज लखनऊ में भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर समीक्षा बैठक है। इसमें सभी जिला और महानगर अध्यक्ष मिलाए गए हैं। संगठन पदाधिकारी बुलाए गए हैं और आज ये पता चलेगा कि सदस्यता अभियान में कौन से जिले ने टॉप किया है। कौन सा जिला सबसे कमजोर रहा है। संगठन की रिपोट बताएगी कि किस जनप्रतिनिधि और किस पदाधिकारी ने सबसे ज्यादा सपोर्ट किया है। कौन वो पार्षद है जिसने एक हजार से ज्यादा सदस्य बनाए हैं। कौन ऐसा जनप्रतिनिधि है जो कम सदस्य बना पाया है। बहरहाल आज बूथ से लेकर महानगर और जिले से लेकर क्षेत्र तक सदस्यता अभियान की समीक्षा होनी है। सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा का महानगर संगठन पूरी तरह कॉन्फिडेंट नजर आया। भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने करंट क्राइम से बातचीत में कहा कि सदस्यता अभियान को लेकर संगठन पूरी तरह आश्वस्त है। उन्होंने कहा कि हमें पांच लाख का लक्ष्य दिया गया था और हम आसानी से इस लक्ष्य को पूरा कर लेंगे। महानगर की पूरी टीम सदस्यता अभियान में लगी हुई है। संजीव शर्मा ने कहा कि 15 अक्टूबर तक पांच लाख का लक्ष्य पूरा कर लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि दो लाख सदस्य बनाए जा चुके हैं। इसके अलावा डेढ लाख सदस्य ऑफलाइन बनाए गए हैं और हम पांच लाख के टारगेट को पूरा कर लेंगे।

## कमर्शियल भवनों पर टैक्स वसूली के लिए महापौर सुनीता दयाल ने चलाया चाबुक

# महापौर ने अधिकारियों के साथ किया वर्ल्ड स्कवायर मॉल मोहन नगर का निरीक्षण

### जल्द से जल्द मॉल पर हो ग्रहकर बढ़ाने की कार्यवाही : महापौर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल लगातार शहर में कमर्शियल भवन के ग्रहकर की स्वयं जांच कर रही हैं और जहां भी गड़बड़ दिखाई देती है, वहां अधिकारियों के साथ स्वयं मौके पर चली जाती हैं। इसी क्रम में रविवार को महापौर ने अधिकारियों के साथ मोहन नगर स्थित वर्ल्ड स्कवायर मॉल का निरीक्षण करने पहुंचीं।

मॉल के नक्शे के अनुसार मॉल पर लगभग 1.50 करोड़ रु का ग्रहकर लगना चाहिए लेकिन केवल 47 लाख का ग्रहकर लग रहा है।

मॉल के अंदर लगभग 1000 दुकान, सिनेमा 3 स्क्रीन, हाईपर मार्किट, बैंकेट हॉल, पार्किंग, होटल व 70 लग्जरी रूम और टैक्स 47 लाख : मॉल के अंदर दुकान, सिनेमा 3 स्क्रीन,हाइपर मार्किट,बैंकेट हॉल,पार्किंग, होटल व 70 लग्जरी रूम आदि कार्य किया जा रहा है लेकिन टैक्स 47 लाख का ही वसूला जा रहा है।



### मॉल के नक्शे के अनुसार लगना चाहिए लगभग 1.50 करोड़ का टैक्स लेकिन लग रहा केवल 47 लाख

महापौर सुनीता दयाल ने अधिकारियों को मौके पर बुलाकर पैमाइश के निर्देश दिए हैं और साथ ही जल्द से जल्द मॉल पर ग्रहकर नियमानुसार बढ़ाने की कार्यवाही के लिए भी कहा गया है।

### महापौर ने अधिकारियों को मौके पर बुलाकर पैमाइश के दिये निर्देश

इस दौरान महापौर ने बताया कि शहर में कमर्शियल भवनों/ व्यावसायिक भवनों पर टैक्स बहुत कम लगाया गया है जिसकी मैं स्वयं लगातार मोनिटरिंग कर रही हूं और अधिकारियों के साथ समन्वय कर मौके पर जाती हूं इससे नगर निगम की आय में करोड़ों रु की वृद्धि हो रही है और गृहकर चोरी में बहुत बड़ी अनियमितता सामने आ रही है जिसपर अंकुश लगाने का कार्य किया जा रहा है।

महापौर ग्रहकर को लेकर बहुत सख्ती से कार्य कर रही हैं जिसके सफल परिणाम भी बहुत जल्द नजर आएंगे और आम जनता पर बोझ नहीं रहेगा। साथ ही शहर के सभी वार्डों में इस रकम से चौमुखी विकास भी किया जा सकेगा। इस दौरान जोनल प्रभारी आर पी सिंह,अवर अभियंता विनोद कुमार आदि उपस्थित रहे।

### कांग्रेस को उसके ही हथियार से मात देने की रणनीति पर काम कर रही बसपा



**लखनऊ।** बसपा आरक्षण को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के दिए गए बयान को लेकर लगातार हमलावर होती जा रही है। अब मायावती ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में दलित वोटरों से कांग्रेस और भाजपा दोनों को वोट न करने की अपील की है। बहुजन समाज पार्टी अब कांग्रेस को उसके ही हथियार से मात देने की रणनीति पर काम कर रही है। हरियाणा चुनाव में कांग्रेस पर दलितों की उपेक्षा करने पर हमलावर बसपा ने दलित समाज से कांग्रेस का बहिष्कार करने की अपील की है। साथ ही, भाजपा को भी लपेटते हुए दलितों से अपना वोट खराब नहीं करने की अपील की है। दरअसल, कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के नेताओं ने लोकसभा चुनाव में संविधान को बदले जाने और आरक्षण को समाप्त करने का भाजपा पर खुलेआम आरोप लगाया था। इससे दलित वोट बैंक का बसपा को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ था। अब बसपा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के विदेश में आरक्षण को लेकर दिए गए बयान को लेकर लगातार कांग्रेस पर हमलावर होती जा रही है। वह कांग्रेस को दलित विरोधी करार देने का कोई भी मौका नहीं चूक रही है।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने रविवार को कहा कि दलित समाज कांग्रेस और भाजपा को वोट देकर उसे खराब न करे। हरियाणा चुनाव के दौरान कांग्रेस द्वारा दलितों की लगातार की जा रही उपेक्षा व तिरस्कार से यह साबित होता है कि पार्टी में जब अभी सब ठीक नहीं है। ऐसे में आगे क्या होगा। उन्होंने कांग्रेस पर आरक्षण विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि उसके नेता अब आरक्षण को समय आने पर खत्म करने की बात कर रहे हैं।

# बालिकाओं की सुरक्षा और सम्मान को सशक्त करेगी योगी सरकार



**लखनऊ।** यूपी में अक्तूबर 2024 से 'मिशन शक्ति' के पांचवें चरण की शुरूआत होगी। इसके तहत 10 लाख बालिकाओं को आत्मरक्षा और जीवन कौशल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से योगी सरकार अक्तूबर 2024 से 'मिशन शक्ति' के पांचवें चरण की शुरूआत करने जा रही है। मई 2025 तक चलने वाले इस चरण में जागरूकता अभियान और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान 10 लाख बालिकाओं को आत्मरक्षा और जीवन कौशल का प्रशिक्षण मिलेगा। पीएम श्री योजना के तहत चयनित 167 विद्यालयों में करियर काउंसलिंग के सत्र भी चलेंगे।

### नवरात्र पर बालिकाओं में शक्ति का भाव भरेगी योगी सरकार

भारतीय संस्कृति में मां दुर्गा को शक्ति का प्रतीक माना जाता है। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए, 'मिशन शक्ति' के पांचवें चरण के अंतर्गत नवरात्रि के दौरान, 3 से 10 अक्तूबर तक, विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनसे बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे।

### बाल अधिकार, घरेलू हिंसा, गुड-टच, बैड-टच से परिचित होंगी बेटियां

प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों के नेतृत्व में 3 से 10 अक्तूबर तक विद्यालयों में बाल अधिकार, घरेलू हिंसा, यौन शोषण, छेड़छाड़ और गुड-टच, बैड-टच जैसे मुद्दों पर बच्चों को जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही रैलियों और रोचक गतिविधियों के माध्यम से हेल्पलाइन नंबर और बाल विवाह के खतरों की जानकारी भी दी जाएगी।

### 10 लाख बालिकाओं को आत्मरक्षा और जीवन कौशल का प्रशिक्षण

नवंबर 2024 से 10 लाख बालिकाओं को आत्मरक्षा और जीवन कौशल का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकें।

### 167 विद्यालयों में मीना मेला और करियर काउंसलिंग सत्र

पीएम श्री योजना के तहत चयनित 167 विद्यालयों में मीना मेला और करियर काउंसलिंग सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनके माध्यम से बालिका शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाई जाएगी।

# मंगलसूत्र लूटने वाले बदमाश का महिला थानाध्यक्ष की टीम ने किया एनकाउंटर, बदमाश गिरफ्तार

## कब्जे से तमंचा, कारतूस, मोटरसाइकिल बरामद

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के थाना लिंक रोड क्षेत्र में पुलिस की दो बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। पुलिस की तरफ से की गई जवाबी फायरिंग में एक बदमाश को गोली लगी है, वहीं दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। गिरफ्तार बदमाश बुलंदशहर का रहने वाला है। इस पर दो दर्जन से अधिक दिल्ली और गाजियाबाद में संगीन मुकदमें कायम है। बताया जा रहा है कि यह बदमाश खास तौर से अकेली जा रही महिलाओं से लूट किया करता था।



### पुलिस चेकिंग देखकर बदमाश भागने लगे

करंट क्राइम। एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय ने बताया कि लिंक रोड थाना पुलिस थानाध्यक्ष प्रीति सिंह के साथ चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान राधा कुंज ब्रिज विहार की तरफ से आने वाले रास्ते पर रेलवे पुल कड़कड़ मॉडल के नीचे एक संदिग्ध बाइक आती दिखाई दी। जिनको रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस की चेकिंग को देखकर बदमाश बाइक को वापस घूमाने लगे और गिर गए।



### पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश को लगी गोली

गिरने के बाद बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की। पुलिस की जवाबी फायरिंग में भी एक बदमाश घायल हुआ है। वही दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। घायल बदमाश का नाम बबलू पाल उर्फ लकी उर्फ विक्की उर्फ अक्की उर्फ नोनू है जो बुलंदशहर का रहने वाला है।

### महिला से चैन की लूट को दिया था अंजाम

पकड़े गए बदमाश पर दिल्ली और गाजियाबाद में लूट और चोरी के दो दर्जन मुकदमें कायम हैं। इसके कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस, मोटरसाइकिल बरामद हुई है। इसने कुछ दिन पहले ही थाना क्षेत्र में महिला से चैन की लूट को अंजाम दिया था।

# गोल्डन गर्ल अंजली चौधरी ने किया देश का नाम रोशन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** साउथ अमेरिका में 26 सितंबर को हुई 10 मीटर एयर पिस्टल जूनियर चैंपियनशिप में गाजियाबाद के ग्राम गढ़ी के निवासी प्रदीप चौधरी की बेटी अंजली चौधरी ने गोल्ड मेडल जीत कर भारत का नाम रोशन किया । इस मौके पर अखिल भारतीय जाट महासभा के अध्यक्ष व अंजलि चौधरी के ताऊ अरुण चौधरी भुल्लन ने बताया कि अंजली बचपन से ही खेल में रुचि रखती थी और उसकी कड़ी मेहनत और परिश्रम से ही आज बिटिया को ये मुकाम हासिल हुआ है।अरुण भुल्लन ने बताया कि इसी साल अंजली का मुंबई एक्साइज में भी सिलेक्शन हुआ है ।इस खबर से पूरे गांव में और परिवार में खुशी की लहर है।

## डबल इंजन सरकार से पहले महाराष्ट्र के विकास के लिए जरूरी प्रोजेक्ट डिरेल हुए : पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से महाराष्ट्र में 11, 200 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने महाराष्ट्र में सोलापुर एयरपोर्ट का उद्घाटन भी किया। साथ ही डिस्ट्रिक्ट कोर्ट से स्वारगेट के बीच 1, 810 करोड़ रुपये की लागत वाली पुणे मेट्रो के भूमिगत खंड का उद्घाटन भी किया। इस दौरान पीएम मोदी ने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा, दुर्भाग्य से, पिछले दशकों में हमारे देश में शहरी विकास में योजना और दूरदर्शिता दोनों का अभाव था। अगर कोई चर्चा में आती थी तो उसकी फाइलें कई वर्षों तक अटकी रहती थी। अगर कोई योजना बन भी गई, तब भी परियोजनाएं सालों-साल अटकी रहती थी। उस पुराने वर्क कल्चर का बहुत बड़ा नुकसान हमारे देश, महाराष्ट्र और पुणे को हुआ। लापरवाही और उपेक्षा की इसी संस्कृति के कारण महाराष्ट्र और हमारे देश को नुकसान उठाना पड़ा।" पीएम मोदी ने कहा कि 2016 से अबतक इन 7-8 सालों में पुणे मेट्रो का ये विस्तार, इतने रुटों पर काम की प्रगति और नए शिलान्यास, अगर पुरानी सोच और कार्यपद्धति पर होती है तो इनमें से कोई भी काम पूरे नहीं हो पाते। पिछली सरकार तो 8 साल में मेट्रो का एक पिलर भी खड़ा नहीं कर पाई थी।

### समूहगान प्रतियोगिता में सृजन शाखा हापुड़ की टीम ने बांधा देशभक्ति का समां



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत विकास परिषद सृजन शाखा हापुड़ की डीएवी पब्लिक स्कूल हापुड़ की टीम के द्वारा नोएडा में आयोजित प्रान्त स्तरीय समूहगान प्रतियोगिता राष्ट्र आराधना में हिंदी और संस्कृत गीत की प्रस्तुति की। डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं के प्रदर्शन की सभी ने तालियां बजाकर प्रशंसा की। कार्यक्रम में पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रान्त की लगभग 33 शाखाओं की टीम ने भारत विकास परिषद की चेतना के स्वर पुस्तक से अपनी अपनी प्रस्तुति का प्रदर्शन किया। सृजन शाखा के सचिव- सचिन कुमार अग्रवाल ने बताया कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चो में देशभक्ति का संचार होता है। कार्यक्रम में शाखा से अध्यक्ष आशीष मित्तल, सचिव- सचिन कुमार अग्रवाल, महिला संयोजिका- माही मित्तल और कार्यक्रम संयोजक- सौरभ गुप्ता सहित डीएवी पब्लिक स्कूल के संगीत अध्यापक मनोज कुमार कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### दिल्ली के चुने हुए लोगों को उपराज्यपाल बहुत छोटा मानते हैं : सौरभ भारद्वाज



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल और दिल्ली सरकार के बीच एक और विवाद सामने आया है। दिल्ली सरकार के मुताबिक हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के शपथ ग्रहण समारोह में दिल्ली के कैबिनेट के मंत्रियों को न्योता नहीं मिला। आम आदमी पार्टी के मुताबिक इससे पहले अभी तक ऐसे कार्यक्रमों में हर बार दिल्ली के सभी कैबिनेट मंत्रियों को बुलाया जाता था। लेकिन, इस बार राजभवन से इस बार सिर्फ मुख्यमंत्री को शपथ में आने का न्योता मिला था। इस विषय पर प्रतिक्रिया देते हुए दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि उपराज्यपाल बड़े आदमी हैं, वे उन्हें (दिल्ली सरकार के मंत्रियों को) बुलाएं या ना बुलाएं, यह उन पर है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि उपराज्यपाल दिल्ली के चुने हुए लोगों को तो बहुत छोटा मानते हैं। इसके साथ ही दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश को शुभकामनाएं दी।

## भू-कानून को लेकर ऋषिकेश में स्वाभिमान महारैली...सड़कों पर उतरे हजारों लोग



**ऋषिकेश।** मूल निवास, भू-कानून समन्वय संघर्ष समिति की ओर से आज ऋषिकेश में स्वाभिमान महारैली निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में समिति के सदस्य एकत्रित हुए। इस दौरान सरकार से मूल निवास, भू-कानून की मांग की। साथ ही प्रदेश में बढ़ते नशे के अपराध को दूर करने की भी मांग की। महारैली आईडीपीएल से त्रिवेणीघाट तक निकाली गई। समिति संयोजक मोहित डिमरी ने कहा कि समिति लंबे समय से प्रदेश में सशक्त भू-कानून और मूल निवास की मांग कर रही है। सशक्त भू-कानून नहीं होने से उत्तराखंड की शांत वादियां अपराध का अड्डा बन गई हैं। प्रदेश में ड्रग्स माफिया, भू-माफिया, खनन माफिया गोरखधंधे कर रहे हैं। इसलिए उत्तराखंड में भी हिमालयी राज्य हिमाचल प्रदेश की तर्ज पर सशक्त भू-कानून लागू करने की जरूरत है। कहा कि उत्तराखंड की जनता जल्द ही नहीं जागी तो भविष्य में प्रदेश दयनीय स्थिति में पहुंच सकता है। इसके लिए हम सबको मिलकर आवाज उठानी होगी।

बता दें कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एलान किया है कि उनकी सरकार वृहद भू-कानून लाने जा रही है। अगले साल बजट सत्र में कानून का प्रस्ताव लाया जाएगा। लेकिन समिति जल्द से जल्द भू कानून को लागू करने की मांग कर रही है।

# इस साल 2020 के बाद सबसे अच्छा रहा मानसून

### सामान्य से आठ फीसदी ज्यादा बारिश

**नई दिल्ली।** देश में इस साल मानसून में सामान्य से लगभग आठ फीसदी अधिक बारिश हुई। एक तरफ जहां उत्तर पश्चिमी भारत, मध्य भारत और दक्षिणी प्रायद्वीप में सामान्य से अधिक वर्षा हुई, वहीं पूर्वी एवं पूर्वोत्तर भारत में सामान्य से कम वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पूरे देश में 1 जून से 29 सितंबर के बीच औसत बारिश 932.2 मिमी रही। जबकि, दीर्घावधि औसत 865 मिमी है। इस प्रकार यह सामान्य से 7.8 प्रतिशत अधिक है। साल 2020 के बाद यह सबसे अच्छा मानसून रहा है। खासकर पिछले साल सामान्य से कम बारिश के कारण जलाशयों में पानी की कमी इस बार दूर हो गई है। उल्लेखनीय है कि साल 2023 में देश में मानसून के दौरान सामान्य से 5.6 प्रतिशत कम (820 मिमी) बारिश हुई थी। साल 2022 में यह सामान्य से 6.5 प्रतिशत अधिक और 2021 में 0.4 प्रतिशत अधिक रही थी। वहीं, 2020 में देश में सामान्य से 10.5 प्रतिशत अधिक बारिश हुई थी। मध्य भारत पर इस बार इंद्रदेव सबसे अधिक मेहरबान रहे। इस हिस्से में 1,165.6 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य (974.7 मिमी) से 19.6 फीसदी अधिक है। दक्षिणी प्रायद्वीप में 710 मिमी के औसत की तुलना में 811.4 मिमी बारिश हुई यानी 14.3 प्रतिशत अधिक। वहीं, उत्तर पश्चिमी भारत में 628 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जो सामान्य (586.6 मिमी) से 7.1 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, पूर्व तथा पूर्वोत्तर भारत में 1,175 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो 1,361.2 मिमी के दीर्घावधि औसत से 13.7 प्रतिशत कम है। इस क्षेत्र में अगस्त (सामान्य से दो फीसदी अधिक) को छोड़कर बाकी तीनों महीने में कमी बनी रही। जून में देश के इस हिस्से में सामान्य से 13.3 प्रतिशत, जुलाई में 23.3 प्रतिशत और सितंबर में अब तक 17.8 प्रतिशत कम वर्षा हुई है। देश में मानसून का मौसम 1 जून से 30 सितंबर तक माना जाता है। दक्षिण पश्चिम मानसून के कारण इन्हीं चार महीनों में सबसे ज्यादा बारिश होती है। कृषि के अलावा जलाशयों में जल भंडारण, जलापूर्ति और भूजल स्तर समेत कई दृष्टिकोणों से मानसून पूरे देश के लिए वरदान है। केरल में इस साल मानसून सामान्य से दो दिन पहले 29 मई को ही पहुंच गया था। हालांकि, जून में मानसून की रफ्तार बीच में कुछ धीमी रही और उस महीने देश में सामान्य से 10.9 प्रतिशत यानी 147.2 मिमी ही बारिश हुई। जून में बारिश का दीर्घावधि औसत 165.3 मिमी है, लेकिन दक्षिणी प्रायद्वीप को छोड़कर शेष तीनों हिस्सों में कम बारिश होने से औसत कम हो गया। बाद में रफ्तार पकड़ते हुए 2 जुलाई तक मानसून पूरे देश में पहुंच चुका था। जुलाई, अगस्त और सितंबर में अच्छी बारिश हुई। जुलाई में उत्तर पश्चिमी हिस्से में सामान्य से 14.3 प्रतिशत और पूर्व तथा पूर्वोत्तर में 23.3 प्रतिशत की कमी के बावजूद पूरे देश में सामान्य से नौ फीसदी अधिक वर्षा दर्ज की गई।



दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






## भाजपा की तैयारियों के सामने कहां टिक पायेगा विपक्ष

# एक दिन में कर रही है भाजपा दर्जनों प्रोग्राम और अपोजिशन है एकदम अंजान









**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनाव एक तरीके से रण होता है और चुनावी अधिसूचना को रणभेरी कहा जाता है। गाजियाबाद की शहर विधानसभा सीट पर चुनावी रण होना है और यहां चुनावी रणभेरी कभी भी बज सकती है। यानि चुनावी अधिसूचना कभी भी जारी हो सकती है। अब जंग लाजिम है तो लाव लस्कर भी देखे जाएंगे, तैयारियां भी देखी जाएंगी। विपक्ष यहां भाजपा हराने की बात तो कर रहौ है, लेकिन वो चुनावी तैयारियों से अंजान है, जबकि भाजपा अपने दुर्ग में लगातार चुनावी रण का अभ्यास कर रही है। वो एक-एक दिन में दर्जनों प्रोग्राम कर रही है और विपक्ष यहां अंजान है। वो सदस्यता अभियान चला रही है, वो सेवा पखवाड़ा अभियान चला रही है। भाजपा की चुनावी तैयारियों को धार देने के लिये तीन बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आकर चले गए हैं।

वो दो बार कार्यकताओं से रूबरू संवाद स्थापित करके गए हैं। जबकि विपक्ष की तैयारियों को देखे यहां कांग्रेस, सपा, बसपा का कोई बड़ा नेता अभी आया भी नहीं है। मुख्यमंत्री ने जनसभा भी कर ली और विपक्ष केवल नारे लगा रहा है। ई-रिक्शा चालकों के मामले में भी विपक्ष इस मुद्दा बनाता इससे पहले भाजपा इसमें घुसी। भाजपा महानगर अध्यक्ष से लेकर राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार ई-रिक्शा चालकों के साथ आए। भाजपा रोजाना कार्यक्रम कर रही है, लेकिन विपक्ष कहां है ये नहीं दिखाई दे रहा है। कोई जनसभा नहीं हुई है। कोई बड़े नेता का कार्यक्रम नहीं हुआ है। कोई सदस्यता अभियान नहीं है। सवाल यही है कि भाजपा तैयारियों के सामने विपक्ष कहां टिकता है।

### दिन था रविवार और भाजपा के कार्यक्रमों की भरमार

**करंट क्राइम।** अगर बात भाजपा की सियासी सक्रियता की करे तो रविवार का दिन उसके लिए काफी है, केवल रविवार के दिन ही भाजपा ने श्रमिकों से लेकर और एनजीओ और युवाओं से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक अपनी दस्तक दी और एक दिन में भाजपा ने आधा दर्जन से ज्यादा कार्यक्रम किये। इन कार्यक्रमों में भाजपा के बड़े पदाधिकारियों से लेकर कैबिनेट मंत्री शामिल हुए। ये वो झांकी है जो बता रही है कि भाजपा समाज के हर वर्ग की नब्ज को टटोल रही है। वो उनके बीच जाकर बोल रही है। वो अल्पसंख्यक समाज में सम्मेलन कर रही है। वो प्रवासी श्रमिकों के साथ है। वो आर्थिक प्रकोष्ठ की बैठक कर रही है। रविवार को पहले कार्यक्रम में सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर श्रमिक सम्मेलन में पहुंचे। युवाओं का सम्मेलन हुआ और भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद यादव पहुंचे। प्रांशु दत्त द्विवेदी पहुंचे। रविवार को ही भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने सम्मेलन किया और इसमें भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के जमाल सिद्दीकी, कुंवर बासिद पहुंचे और भाजपा के जनप्रतिनिधि भी इस कार्यक्रम में पहुंचे।

रविवार को ही भाजपा के वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ का सम्मेलन हुआ। इसमें कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। भाजपा के वरिष्ठ नागरिक इस सम्मेलन में मौजूद थे।

एनजीओ प्रकोष्ठ सम्मेलन में एनजीओ से जुड़े लोग पहुंचे। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रदेश संयोजक डॉ. संदीप शाही मौजूद थे। आर्थिक प्रकोष्ठ सम्मेलन में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा मौजूद थे। इसके अलावा सहकारिता सम्मेलन हुआ और एक दिन में भाजपा ने आधा दर्जन से ज्यादा सम्मेलन किए। रविवार को कार्यक्रमों की भरमार रही और ये सभी कार्यक्रम यह बताने के लिए काफी है भाजपा चुनावी तैयारियों को पूरी ताकत से धार दे रही है।

### भगवा कमांडर ने कर दिया सीएम से किया 29 सितंबर वाला कमिटमेंट पूरा

गाजियाबाद। भाजपा अपनी चुनावी क्षमता का आभास करा रही है। शहर सीट पर चुनाव होना और यहां भगवा कमांडर के नेतृत्व में पूरी तैयारी चल रही है। सबसे बड़ी बात ये है कि रविवार को भगवा कमांडर के नाम एक और रिकॉर्ड आया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब गाजियाबाद मेंआए थे तो उन्होंने कार्यकताओं के साथ संवाद करते हुए ये कहा था कि सम्मेलन किए जाएं और बूथ कमेटियों का गठन किया जाए। मुख्यमंत्री ने यहां जोर देकर कहा कि 29 सितंबर तक सभी बूथ कमेटियों का गठन कर दिया जाये। भगवा कमांडर संजीव शर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कमिटमेंट किया था कि वह 29 सितंबर तक बूथ कमेटियों का गठन कर लेंगे और भगवा कमांडर यानि भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा अपने कमिटमेंट पर पूरे उतरे हैं और 29 सितंबर से पहले ही यानि 28 सितंबर को उन्होंने बूथ कमेटियों के सत्यापन का काम पूरा होने की घोषणा की। संजीव शर्मा ने बताया कि बूथ कमेटियों के गठन का काम पूरा हो गया है।

### बुनकर प्रकोष्ठ को लेकर प्रबुद्ध प्रकोष्ठ 2 अक्टूबर तक हो जाएंगे पूरे

करंट क्राइम। भाजपा अपने हर सम्मेलन को रोजाना आयोजित कर रही है। वो एक दिन में आधा दर्जन से ज्यादा सम्मेलन आयोजित कर रही है। उसके मंत्री, कैबिनेट मंत्री, संगठन पदाधिकारी लगातार कार्यक्रमों में जुटे हुए हैं। संगठन पदाधिकारी जुटे हुए हैं और भाजपा का ये रथ अभी थमा नहीं है। 30 सितंबर को बुनकर प्रकोष्ठ कार्यक्रम है। एक अक्टूबर को व्यापार प्रकोष्ठ का कार्यक्रम है, जिसमें प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल और लोकसभा सांसद अतुल गर्ग मौजूद रहेंगे। इसी दिन रेहड़ी पटरी प्रकोष्ठ का सम्मेलन होगा, जिमसें लोकसभा सांसद अतुल गर्ग और महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा मौजूद रहेंगे। एक अक्टूबर को प्रबुद्ध प्रकोष्ठ का सम्मेलन होना है जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लिखी किताब पर गोष्ठी का आयोजन है। आरकेजीआईटी में आयोजित होने वाली इस गोष्ठी में भाजपा के के. लक्ष्मण मौजूद रहेंगे। दो अक्टूबर को सेवा पखवाड़ा का आयोजन होगा और इसमें केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा गांधी पार्क में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में रहेंगे।

# बहन की स्कूटी पर निकले तीन दोस्तों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

### दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर हुए भयंकर एक्सीडेंट की सीसीटीवी फुटेज वायरल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मसूरी थानाक्षेत्र के अंतर्गत हवा हवाई रेस्टोरेंट के निकट का रास्ता डेंजर और डेथ जोन में तब्दील होता जा रहा है। बीते 6 महीने के दौरान यहां कई भीषण सड़क हादसे होने के बाद लोग जान गंवा चुके हैं। बीते दिनों यहां नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ओर से हवाई जहाज लोगों को सड़क से नजर ना आए इसलिए यहां पट्टी भी लगाई गई थी लेकिन फिर एक गंभीर सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की दर्दनाक मौत हुई है। रविवार तड़के दिल्ली के तीन युवक स्कूटी से इस मार्ग पर जा रहे थे, तेज रफ्तार स्कूटी सड़क के किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी। जिसमें तीनों मौके पर ही गंभीर रूप से घायल हो गए, जब तक उन्हें अस्पताल ले जाया गया, वहां उनकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली के त्रिलोकपुरी थानाक्षेत्र निवासी विकास उर्फ बिट्टू अपने साथी अंशु उर्फ मोहन और विपिन भट्ट एक ही स्कूटी पर सवार थे। बताया जा रहा है कि विकास उर्फ बिट्टू स्कूटी अपनी बहन से लेकर आया था। यह सड़क हादसे में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिए हैं।



### बहन से 10:30 बजे हुई थी आखिरी बार बात, बिट्टू ने कहा था जल्दी लौटूंगा घर

करंट क्राइम : दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर फिर एक दर्दनाक हादसा हुआ है। इस हादसे में दिल्ली के तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। यह तीनों युवक दिल्ली से अपनी स्कूटी पर निकले थे। मृतकों के नाम बिट्टू उर्फ विकास, विपिन भट्ट और आशु हैं। शुरूआत में पुलिस इसमें सड़क हादसे में किसी के टकराने या गलती मान कर चल रही थी लेकिन एसीपी मुरादनगर सिद्धार्थ गौतम ने बताया है कि मिली जानकारी के अनुसार तीनों ही स्कूटी सवार युवक उस स्थान पर वाहन चला रहे थे, जो दोपहिया के लिए प्रतिबंधित है। इसके साथ ही इन्होंने केवल एक में ही हेलमेट लगाया हुआ था, जो हादसे के बाद टूटी हालत में घटनास्थल से बरामद हुआ है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बिट्टू ने अपनी बहन लता को 10 :30 बजे फोन करके बताया था कि वह उसकी स्कूटी लेकर घूमने आया है और कुछ देर में लौट जाएगा लेकिन सड़क हादसे के बाद रविवार की सुबह बिट्टू के परिजनों को इस भयंकर सड़क हादसे की जानकारी मिली। जिसमें तीनों लोगों की मौत हो गई थी

### डराने वाला है सड़क हादसे का सीसीटीवी फुटेज



करंट क्राइम : दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर हुए सड़क हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में नजर आ रहा है कि तेज रफ्तार से आ रही स्कूटी एक्सप्रेस-वे के किनारे खड़े ट्राला से टकराती दिख रही है। हादसे के बाद ट्राला चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ट्राला की पहचान करने का प्रयास कर रही है। वहीं जिस स्कूटी एक्टिवा पर यह तीनों सवार थे, वह मृतक बिट्टू की बहन लता के नाम पर रजिस्टर्ड थी। सोशल मीडिया पर जिसने भी इस हादसे का वीडियो देखा है, वह देखकर हैरान रह गया।

कॉन्सेप्ट
दीपक भाटी

डिजाइन
नरेश शर्मा





प्रस्तुति करंट क्राइम

शहर विधानसभा
उपचुनाव

करंट कॉमिक न्यू एडिशन Episode 5

# कुर्सी स्वयंवर धूम मचा दे - टिकट करा दे

SCENE 1 चोटी वाले संदीप त्यागी, सांसद अतुल गर्ग की जासूसी करने के बाद भगवा कमांडर संजीव शर्मा से बहुत उत्साहित होकर मिलते हैं।




नोट : दैनिक करंट कॉमिक की ये सीरीज पूरी तरह से हमारी कल्पना पर आधारित है। पोलिटिकल किरदारों के साथ लिए गए शब्द हमारी काल्पनिकता के आधार पर लिखे गए हैं।

SCENE 2 मायावी कुर्सी कोई आम कुर्सी नहीं है। इसको ललित जायसवाल भली-भांति जानते हैं। इसलिए वो कुर्सी को तोड़ने की शक्तियां प्राप्त करने के लिए चांद पर लैंड करने की योजना बनाते हैं।







वहीं दूसरी ओर मयंक गोयल मायावी कुर्सी को जीतने के लिए भयंकर तपस्या में लग जाते हैं और आयरन मैन का रूप ले लेते हैं।

SCENE 7




SCENE 3 एक ओर जहां ललित जायसवाल की मून पर तपस्या चल रही होती है। वहीं दूसरी ओर मेयर सुनीता दयाल और एमएलसी दिनेश गोयल की मीटिंग फिर से बैठ जाती है।




SCENE 4 अगले ही दिन मेयर सुनीता दयाल सांसद अतुल गर्ग के आवास पर अपनी बात रखने पहुंचती हैं।




मेयर सुनीता दयाल मायावी कुर्सी को जेसीबी में रखकर आरकेजीआईटी कॉलेज की ओर चल पड़ती हैं।

SCENE 5




वहीं भाजपा के महामंत्री गोपाल अग्रवाल स्वयंवर की तैयारियों को लेकर टेंट लगवाना शुरू कर देते हैं।

SCENE 6






एंकर (दीपक भाटी) : मायावी कुर्सी को तोड़ने के लिए कोई दावेदार जहां स्पेस में पहुंच गया है तो कोई लौह पुरूष बन चुका है। तारीख धीरे-धीरे पास आ रही है, सभी अपनी शक्तियां सृजित करने में लगे हुए हैं। कुर्सी एमएलसी के कॉलेज पर पहुंच चुकी हैं, जहां उसकी चैकिंग का काम शुरू हो चुका है। मायावी कुर्सी आगे क्या रंग दिखायेगी, ये जानने के लिए देखते रहिए, पढ़ते रहिए आपका-अपना करंट क्राइम।

कहानी आने वाले समय में और भी रोचक होगी। इसलिए पढ़ते रहिए अपना पसंदीदा नंबर वन अखबार दैनिक करंट क्राइम। पिक्चर अभी बाकी है मेरे दोस्त....!

## संपादकीय

# मोटापा एक बड़ी समस्या

संसार में मोटापा एक बड़ी समस्या ही नहीं, बल्कि एक बड़े रोग की तरह फैल रहा है और ऐसे में, मोटापे की दवा खोजने में लगे वैज्ञानिकों का सम्मान सुखद व स्वाभाविक है। वैसे तो मोटापे की दवा खोजने के अभियान में अनेक वैज्ञानिकों का योगदान रहा है, पर उनमें से तीन वैज्ञानिकों को इस वर्ष के प्रतिष्ठित लास्कर पुरस्कार के लिए चुना गया है। सबसे कामयाब मोटापा-विरोधी दवाओं को विकसित करने में शामिल इन तीन वैज्ञानिकों के बारे में माना जा रहा है कि इन्हें चिकित्सा का नोबेल भी मिलेगा। आमतौर पर लास्कर पुरस्कार जीतने वाले वैज्ञानिक को ही नोबेल दिया जाता है। ये तीन सम्मानित वैज्ञानिक हैं- जोएल हेबेनर, स्वेतलाना मोजसोव और लोते बेजरे नुडसन। इनके द्वारा निर्मित दवा दरअसल ग्लूकागन- जैसे पेप्टाइड 1 (जीएलपी-1) नामक हार्मोन की नकल करती है, इससे रक्त-शर्करा के स्तर को कम करने और भूख नियंत्रित करने में मदद मिलती है। क्लिनिकल-अनुसंधान श्रेणी में लास्कर से सम्मानित इन तीनों वैज्ञानिकों को 2,50,000 अमेरिकी डॉलर की राशि मिलेगी। वास्तव में, बायोमेडिकल वैज्ञानिक जीएलपी-1 अनुसंधान की बढ़ती मान्यता से उत्साहित हैं। इसका मकसद शुरूआत में मधुमेह का इलाज करना था और मधुमेह के इलाज की तलाश में मोटापे की दवाएं हाथ लगी हैं। गौर करने की बात है कि मोटापा के मोर्चे पर वैज्ञानिक लंबे समय से काम कर रहे हैं। शल्य क्रिया के अलावा कुछ दवाएं भी उपलब्ध हैं, जो मोटापे को घटाने में मदद कर सकती हैं। मोटापे के खिलाफ नई कामयाबी से यह पता चला है कि जीएलपी-1 आधारित दवाएं सिर्फ मोटापे और मधुमेह का इलाज नहीं करती हैं। वे हृदय रोग, किडनी रोग के इलाज में भी मददगार हो सकती है। इन दवाओं का इस्तेमाल स्लीप एपनिया में भी हो सकता है। इधर, स्लीप एपनिया के मामले बढ़ रहे हैं, मतलब, सोते समय सांस रुक-रुककर चलने की शिकायत बढ़ रही है। वास्तव में, एक अच्छी दवा जब बनती है, तो उसका व्यापक प्रयोग या उपयोग सामने आता है। जीएलपी-1 आधारित दवाओं पर और काम करने की जरूरत है, ताकि ज्यादा सुरक्षित दवाएं लोगों तक पहुंच पाएं। वास्तव में, मोटापे पर दुनिया के अनेक वैज्ञानिक काम कर रहे हैं और तरह-तरह के शोध सामने आ रहे हैं। एक ताजा शोध से यह पता चलता है कि मोटापा भूख से जुड़े न्यूरॉन्स के आसपास आणविक जाल के निर्माण से प्रेरित होता है। यह भी पता चला है कि प्रोटीन और शर्करा के एक नेटवर्क का संचय, जिसे बाह्य कोशिकीय मैट्रिक्स कहा जाता है, इंसुलिन को भूख नियंत्रित करने वाले न्यूरॉन्स तक पहुंचने से रोकता है, इससे मोटापे को बल मिलता है। मोटापे से जुड़ी एक खबर यह भी है कि दुनिया भर में लाखों वयस्क वजन कम करने के लिए वेगोवी जैसी शक्तिशाली दवाएं ले रहे हैं, पर क्या बच्चों को भी ऐसा करना चाहिए? दरअसल, बच्चों में बढ़ता मोटापा एक बड़ी समस्या है। वैज्ञानिकों ने अपने प्रयोग में पाया है कि यह दवा लेने पर मोटे बच्चों को लाभ होता है, पर अभी यह स्पष्ट नहीं है कि ये बच्चे जब बड़े होंगे, तब उनके साथ क्या होगा। कहीं ऐसा न हो कि बच्चों को बड़े होने के बाद भारी नुकसान उठाना पड़े। आज मोटापे की दवा अपनी जगह एक बड़ी जरूरत बन गई है, लेकिन ज्यादातर चिकित्सक यही चाहते हैं कि बच्चे हों या बड़े, स्वाभाविक या प्राकृतिक प्रयासों से ही अपना मोटापा घटाएं, इसी में स्थायी हित है।

# वायकॉम18 और डिज्नी के विलय को मंजूरी सरकार ने स्टार इंडिया को दिया लाइसेंस



**नई दिल्ली।** सौदे के तहत, मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस और उसके सहयोगी संयुक्त इकाई में 63.16 प्रतिशत हिस्सेदारी रखेंगे, जिसमें दो स्ट्रीमिंग सेवाएं और 120 टेलीविजन चैनल होंगे। संयुक्त इकाई में वॉल्ट डिज्नी की शेष 36.84 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी, जो भारत का सबसे बड़ा मीडिया हाउस भी होगा।

सरकार ने अरबपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज की मीडिया इकाई वायकॉम18 के गैर-न्यूज और समसामयिक विषयों के टीवी चैनल का लाइसेंस स्टार इंडिया को स्थानांतरित करने की मंजूरी दे दी है। रिलायंस इंडस्ट्रीज और टीवी18 ब्रॉडकास्ट द्वारा की गई विनियामक फाइलिंग के अनुसार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 27 सितंबर को इस स्थानांतरण की मंजूरी दी। सरकार के आदेश में कहा गया है कि यह विलय भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग द्वारा निर्धारित शर्तों के अधीन होगा। वायकॉम18 एक होल्डिंग कंपनी है जो रिलायंस इंडस्ट्रीज और बोधि ट्री सिस्टम्स के मीडिया और मनोरंजन व्यवसाय का स्वामित्व रखती है। अब, दोनों पक्ष विलय के अंतिम चरण में हैं, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (उउक) के निदेशों के अनुसार व्यवसाय में कुछ समायोजन किए जा रहे हैं।

### 30 अगस्त को एनसीएलटी ने दी सौदे को मंजूरी

30 अगस्त को, एनसीएलटी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के मीडिया और मनोरंजन परिसंपत्तियों वाली वायकॉम18 और डिजिटल 18 मीडिया के स्टार इंडिया के साथ विलय को मंजूरी दे दी थी। इस विलय के तहत वायाकॉम 18 और जियो सिनेमा के मीडिया संचालन उपक्रम को डिजिटल 18 में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव है। डिजिटल 18 वायकॉम18 की सहायक कंपनी है। इसके बाद डिजिटल 18 से वी18 को अलग करके उसे स्टार इंडिया में शामिल किया जाएगा। इस विलय से देश का सबसे बड़ा मीडिया साम्राज्य बनेगा, जिसकी कीमत 70 हजार करोड़ रुपये से अधिक होगी।

### संयुक्त इकाई में रिलायंस की हिस्सेदारी 63 प्रतिशत होगी

वायाकॉम18, रिलायंस समूह का हिस्सा है, और एसआईपीएल पूरी तरह से द वॉल्ट डिजनी कंपनी के स्वामित्व में है। ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स में निगमित कंपनी एसटीपीएल का स्वामित्व अप्रत्यक्ष रूप से वॉल्ट डिज्नी के पास है। हालांकि, सीसीआई ने दोनों पक्षों द्वारा किए गए मूल सौदे में स्वैच्छिक संशोधनों का खुलासा नहीं किया। इस सौदे के तहत, मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस और उसके सहयोगी संयुक्त इकाई में 63.16 प्रतिशत हिस्सेदारी रखेंगे, जिसमें दो स्ट्रीमिंग सेवाएं और 120 टेलीविजन चैनल होंगे। संयुक्त इकाई में वॉल्ट डिज्नी की शेष 36.84 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी, जो भारत का सबसे बड़ा मीडिया हाउस भी होगा। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने नेटफ्लिक्स और जापान की सोनी जैसी प्रतिद्वंद्वियों से मुकाबला करने के लिए संयुक्त उद्यम में करीब 11,500 करोड़ रुपये का निवेश करने पर भी सहमति जताई है। रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी की पत्नी नीता अंबानी संयुक्त उद्यम की प्रमुख होंगी, जबकि उदय शंकर इसके उपाध्यक्ष होंगे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में मिलेगी मदद: पीयूष गोयल



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में मदद करेंगे। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की ओर से यह बयान दिया गया। केंद्रीय मंत्री की ओर से कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रही राज्य सरकार पहले चरण में भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में मदद करेगी और साथ ही 2047 तक 'विकसित भारत' और 35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए एक मजबूत आधार के रूप में काम करेगी। उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) में अपने संबोधन के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से लागू की गई औद्योगिक और अन्य सक्रिय नीतियों के कारण उत्तर प्रदेश पूरे देश में विकास के मॉडल के रूप में उभरेगा। 'मेक इन इंडिया' प्रोग्राम के बारे में बताते हुए गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की ओर से 25 सितंबर, 2014 को इस कार्यक्रम की शुरूआत की गई थी, जिससे बड़ी संख्या में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा हो सकें।

आगे कहा कि केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार के साझा प्रयासों के कारण हम ग्रेटर नोएडा में एक इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी और 20 इंडस्ट्रियल स्मार्ट शहर पूरे देश में बना रहे हैं। इसके अलावा गोयल ने कहा कि भारत पूरी दुनिया में अच्छी गुणवत्ता के उत्पाद और सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए जाना जाता है। हमें उत्पादों की मैन्युफैक्चरिंग करते हुए इस बात का भी ध्यान रखना है कि जो भी उत्पाद 'मेड इन इंडिया' के तहत बनें, वह अच्छी क्वालिटी के हो।

25 से लेकर 29 सितंबर तक चलने वाले इस चार दिनों के ट्रेड शो में 2,500 से अधिक प्रदर्शक और एक लाख से ज्यादा लोग इसमें भाग ले चुके हैं।

## राशिफल

**मेष:** आज आपको अपने प्रतिस्पर्धियों से बहस न करने की सलाह दी जाती है। धन और संपत्ति के मामलों में निर्णय लेते समय सावधानी बरतने की जरूरत है।

**वृष:** खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे। इस ऊर्जा से जो भी काम करेंगे वह समय पर पूरा होगा। इंजीनियर अनुभव सही दिशा में इस्तेमाल करेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी।

**मिथुन:** दिन आपके लिए अनुकूल है। कुछ बातों को लेकर आप संशय में रहेंगे। शारीरिक रूप से अस्वस्थ हो सकते हैं लेकिन फिर भी मानसिक रूप से प्रसन्न रहेंगे।

**कर्क:** आप व्यापार में धन का निवेश करेंगे तो उन्हें लाभ होगा। जिससे आर्थिक पक्ष पहले से काफी बेहतर रहेगा। आज परिवार के किसी सदस्य से विवाद हो सकता है।

**सिंह:** अधिकांश समय मित्रों के साथ व्यतीत होगा। दिनचर्या से अलग-अलग कार्यों में व्यस्त रहेंगे। दोस्तों और परिवार के साथ कहीं घूमने जाने का प्रोग्राम बना सकते हैं।

**कन्या:** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है. किसी भी काम में बेहतरीन परफॉर्मेंस देने के लिए आप कुछ नया करेंगे। सफलता अवश्य मिलेगी।

**तुला:** आज सफलता आपके चरण चूमेगी. प्रेम जीवन में समय की कमी आज आपको परेशान कर सकती है। दांपत्य जीवन में खुशियां आएंगी।

**वृश्चिक:** आज पैसों की बारिश होने वाली है. साथ ही नया वाहन लेने की भी स्थिति बन रही है। मित्रों के सहयोग से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**धनु:** धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। पत्रकारिता और फिल्म से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन लकी फैक्टर है। ट्रांसफर के भी योग नजर आ रहे हैं।

**मकर:** विद्यार्थियों को थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। अगर आप खुद को शांत रखने की कोशिश करेंगे तो आपको सफलता जरूर मिलेगी।

**कुंभ:** मेहनत से आपको काम में सफलता मिलेगी। व्यापार में लाभ से मन प्रसन्न रहेगा। आज धन खर्च हो सकता है। लव लाइफ में तनाव हो सकता है।

**मीन:** आज आपका मन धार्मिक कार्यों में लगा रहेगा। इस राशि के जो लोग लोहे का व्यवसाय कर रहे हैं उन्हें उम्मीद से कम लाभ होगा।

## चुटकुले

अकबर ने बीरबल से तीन नये सवाल पूछे
और कहा तीनों का जवाब एक ही होना चाहिये।
दूध क्यों उफन जाता है ?
पानी क्यों बह जाता है ?
सब्जी क्यों जल जाती है ?
बीरबल ने जवाब दिया ।
व्हाटसअप चालू होने की वजह से।

---

वो लड़कियां भी किसी आतंकवादी से कम नहीं हुआ करती थी।
जो टीचर के क्लास मे आते ही याद दिला देती है ..
सर आपने टेस्ट का बोला था!

---

टीचर- मिंकी यमुना नदी कहां बहती है?
मिंकी- सर, जमीन पर!
टीचर- नक्शे में बताओ कहां बहती है?
मिंकी नक्शे में कैसे बह सकती है सर, नक्शा गल नहीं जाएगा।

## रोचक तथ्यों का करंट

- एक औसत मनुष्य के लिए अपनी ही कुहनी चाट पाना असंभव है।
- जो लोग ऊपर वाला तथ्य पढ़ रहे हैं उन में से 75 % से ज्यादा लोग अपनी कुहनी चाटने की कोशिश करेंगे।
- अगर आप जोर से छींकें तो आप अपनी पसली तुड़वा सकते हैं।
- सिर्फ एक घंटा हेडफोन लगाने से हमारे कानों में जीवाणुओं की तादाद 700 गुना बढ़ जाती है।
- पूरे जीवन काल के दौरान नीद में आप भिन्न-भिन्न तरह के 70 कीट खा जाते हैं।
- आपका दिल एक दिन में लगभग 100,000 बार धड़कता है।
- आप के शरीर की लगभग 25 फीसदी हड्डियाँ आप के पैरों में होती हैं।
- उँगलियों के नाखून पैरों के नाखूनों से 4 गुना ज्यादा तेजी से बढ़ते हैं। मानव गर्भनिरोधक गोलियां गोरिल्ला पर भी काम करती है।
- एक गिलहरी की उम्र 9 साल तक होती है।
- छिपकली का दिल 1 मिनट में 1000 बार धड़कता है।
- अगर एक बिच्छू पर थोड़ी सी मात्रा में भी शराब या रस डाल दिया जाए तो यह पागल हो जाएगा और खुद को डंक मार लेगा।

# एक अक्टूबर से बदल जाएंगे पीपीएफ, टीडीएस और आधार से जुड़े कई नियम




**नई दिल्ली।** हर महीने की शुरूआत में सरकार द्वारा जारी किए गए नए नियम लागू होते हैं। ऐसे में अक्टूबर की पहली तारीख से भी कुछ नए नियम लागू हो रहे हैं, जिसमें आधार, पीपीएफ, टीडीएस और एसटीटी से जुड़े नियम शामिल हैं।

**आधार :-** आम बजट-2024 में केंद्र सरकार की ओर से आधार संख्या की जगह आधार नामांकन संख्या लिखने के प्रावधान को बंद करने का प्रस्ताव दिया गया है, जिससे आईटी रिटर्न भरते समय पैन का दुरुपयोग नहीं हो सके। यह फैसला एक अक्टूबर, 2024 से लागू हो रहा है। इसके बाद अब आईटी रिटर्न भरते समय आधार संख्या की जगह आधार नामांकन संख्या का उपयोग नहीं कर पाएंगे।

**पीपीएफ :-** वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग की ओर से पिछले महीने पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) को नियमित करने को लेकर दिशा निर्देश जारी किए गए थे। यह दिशा निर्देश एक अक्टूबर, 2024 से लागू होने जा रहे हैं। अगले महीने की शुरूआत से नाबालिगों के नाम से खोले गए पीपीएफ खातों पर बचत खाते का ब्याज मिलेगा, जब तक वह 18 वर्ष के नहीं हो जाते। वहीं, अगर आपके एक से ज्यादा पीपीएफ खाते हैं, तो केवल एक खाते पर भी योजना की दर के हिसाब से ब्याज मिलेगी। बाकी, अन्य पीपीएफ खातों में जमा रकम पर किसी प्रकार की कोई ब्याज का भुगतान नहीं किया जाएगा।

**टीडीएस :-** आम बजट-2024 में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से टैक्स डिडक्टेड एट सोर्स (टीडीएस) के नियमों में बदलाव का ऐलान किया गया था, जो कि एक अक्टूबर से लागू हो रहे हैं। अब केंद्र या राज्य सरकार के बॉन्ड से आपको एक साल में 10,000 से ज्यादा की आय हो रही है तो आपको 10 प्रतिशत टीडीएस देना होगा।

**एसटीटी :-** एक अक्टूबर से शेयर मार्केट में फ्यूचर और ऑप्शन (एफएंडओ) पर लगने वाले सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स (एसटीटी) की नई दर लागू हो जाएगी। अब ऑप्शन की बिकवाली पर प्रीमियम का 0.1 प्रतिशत एसटीटी लगेगा, जो कि पहले 0.0625 प्रतिशत था। वहीं, फ्यूचर की बिकवाली पर ट्रेडेड कीमत का 0.02 प्रतिशत एसटीटी के रूप में चुकाना होगा, जो कि पहले 0.0125 प्रतिशत था।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# भारत बनाम बांग्लादेश: तीसरे दिन का खेल भी बारिश के कारण रद्द

**कानपुर।** भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन का खेल रविवार को मैदान गीला होने के कारण रद्द कर दिया गया है। हालांकि, तीसरे दिन सुबह से ही बारिश नहीं हुई लेकिन मैदान के कई हिस्से गीले होने के कारण अंपायरों ने खेल रद्द करने का फैसला लिया।

मैदानी अंपायरों ने सुबह 10 बजे, दोपहर 12 बजे और तीन बजे मैदान का निरीक्षण किया। लेकिन अंत में दिन का खेल रद्द करने का फैसला किया।उम्मीद की जा रही है कि चौथे दिन सोमवार को खेल समय पर शुरू हो पाएगा। बांग्लादेश ने पहले दिन तीन विकेट पर 107 रन बनाए थे लेकिन उसके बाद से बारिश के कहर के चलते खेल संभव नहीं पाया।

तीसरे दिन सुबह बारिश की एक भी बूंद नहीं बरसी और 9:30 बजे तक मैदान से सारे कवर हटा दिए गए थे लेकिन मैदान पर दो गीले पैच परेशानी का सबब बने रहे।

एक पैच गेंदबाजी रन-अप के पास था जबकि दूसरा बाहरी मैदान में था जिन्हें सुखाया नहीं जा सका। दिन का खेल रद्द होने से ग्रीन पार्क स्टेडियम में भारी संख्या में पहुंचे दर्शकों को काफी निराशा हुई। मैच में अब बस दो दिन बचे हुए हैं और केवल 35 ओवर का खेल हो पाया है।




**मैदानी अंपायरों ने सुबह 10 बजे, दोपहर 12 बजे और तीन बजे मैदान का निरीक्षण किया। लेकिन अंत में खेल रद्द करने का फैसला किया। उम्मीद की जा रही है कि चौथे दिन सोमवार को खेल समय पर शुरू हो पाएगा।**

इससे पूर्व पहले दिन भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बादल छाए रहने और सतह में संभावित नमी के कारण गेंदबाजी करने का विकल्प चुना था, जो शुरूआती मूवमेंट से सही साबित हुआ। हालांकि, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर नहीं थे, लेकिन आकाश दीप ने दो विकेट लेकर भारत को राहत दिलाई। बांग्लादेश के लिए मोमिनुल हक और नजमुल शांतो ने मजबूत पारी खेली, लेकिन शांतो को रविचंद्रन अश्विन ने आउट कर दिया। शांतो ने 57 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से 31 रन बनाए। बारिश के कारण जब पहले दिन का खेल समाप्त घोषित किया गया तब मोमिनुल हक 81 गेंदों में 7 चौके के सहारे 40 रन और मुशफिकुर रहीम 13 गेंदों में 6 रन बनाकर क्रीज पर थे।

भारत की तरफ से आकाश दीप ने 34 रन पर 2 विकेट और अश्विन ने 22 रन पर 1 विकेट लिया है।

# टीम इंडिया की नई रफ्तार मयंक यादव

**मयंक यादव 'मैन ऑफ द मैच' बना और आईपीएल हिस्ट्री के स्पीड मास्टर में अपना नाम दर्ज करा गया। इम्पैक्ट ऐसा कि पूरी दुनिया उसकी फैन बन गई। हालांकि, अनफिट होने के कारण पिछले कुछ महीने ये खिलाड़ी गायब था लेकिन अब समय आ गया है उसके कमबैक का।**



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए डेब्यू, महज 3-4 मैच खेला और चोटिल होने के कारण टूनामेंट से बाहर हो गया। मगर, इन चंद मौकों में वो लड़का दो बार 'मैन ऑफ द मैच' बना और आईपीएल हिस्ट्री के स्पीड मास्टर में अपना नाम दर्ज करा गया। इम्पैक्ट ऐसा कि पूरी दुनिया उसकी फैन बन गई। नाम है- मयंक यादव। हालांकि, अनफिट होने के कारण पिछले कुछ महीने ये खिलाड़ी गायब था लेकिन अब समय आ गया है उसके कमबैक का।

बीसीसीआई ने शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम इंडिया का ऐलान किया। खिलाड़ियों के नाम सामने आते ही एक ऐसा चेहरा एक बार फिर सुर्खियों में आया, जो आईपीएल में अपनी रफ्तार से गदर मचाने के बाद गायब था। आईपीएल 2024 में डेब्यू करते हुए मयंक यादव ने सुर्खियां बटोरी थीं और अब वो बांग्लादेश के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय टी20 डेब्यू के बेहद करीब है।

22 साल का यह तेज गेंदबाज 153 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा की रफ्तार से गेंदबाजी करने का माद्दा रखता है। बड़े-बड़े दिग्गज इसके प्रदर्शन से 'मंत्रमुग्ध' थे। यहां तक कि इसकी तुलना शोएब अख्तर जैसे खूंखार गेंदबाज से होने लगी है। रफ्तार के साथ उनके पास बोनस में अच्छी लाइन लेंथ, वेरिएशन और सटीक यॉर्कर भी है जो उनकी गेंदबाजी को मजबूत करते हैं।

आईपीएल 2024 में मयंक यादव ने मात्र तीन मैच खेले और चौथे मैच में चोटिल होने के कारण टूनार्मेंट से बाहर हो गए। लेकिन चंद मैचों में वो बीसीसीआई और टीम चयनकर्ता की नजरों में छा गए। हालांकि, चोटिल होने के कारण उन्हें मौका नहीं मिला था। मगर, अब उन्हें टी20 फॉर्मेट के लिए हरी झंडी दे दी गई।

तेज गेंदबाज मयंक यादव को पहली बार भारत की टीम में शामिल किया गया है। उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैच की टी20 सीरीज के लिए टीम में चुना गया है। सीरीज 6 अक्टूबर से ग्वालियर में शुरू होगी।

चंद मैचों में इस युवा तेज गेंदबाज ने क्रिकेट जगत में अपनी पहचान बना ली है। कई क्रिकेट दिग्गज मयंक को लेकर भविष्यवाणी कर चुके हैं कि आने वाले समय में वह भारतीय गेंदबाजी की सबसे बड़ी ताकत होगा।



# भारतीय जूनियर निशानेबाजों ने दो टीम स्वर्ण पदक जीते

**नई दिल्ली ।** भारतीय जूनियर निशानेबाजों ने पेरू की राजधानी लीमा में शुरू हुई इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) जूनियर विश्व चैंपियनशिप राइफल/पिस्टल/शॉटगन में अपने अभियान की शुरूआत पुरुष और महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में दो टीम स्वर्ण पदकों के साथ की, वहीं कनक ने महिला एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीतकर भारत को पहला व्यक्तिगत पदक दिलाया।

उनके इस प्रदर्शन की बदौलत भारत पहले दिन के अंत में पदक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया जबकि रोमानिया और चीनी ताइपे ने दिन के दो व्यक्तिगत स्वर्ण पदक अपने नाम किए। इसके अलावा पांच अन्य देशों ने भी पहले दिन पदक जीते।

भारतीय टीम का स्कोरबोर्ड सबसे पहले जूनियर पुरुषों की तिकड़ी उमेश चौधरी, प्रद्युम्न सिंह और मुकेश नेलवल्ली ने खोला। उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष टीम प्रतियोगिता में 1726 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। यह स्कोर दूसरे स्थान पर रही रोमानिया की टीम से 10 अंक अधिक था, जबकि इटली ने 1707 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता।

उमेश और प्रद्युम्न ने व्यक्तिगत फाइनल में भी जगह बनाई, जहां उन्होंने क्वालिफिकेशन राउंड में क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहते हुए 580 और 578 अंक हासिल किए। हालांकि दोनों व्यक्तिगत पदक से चूक गए और उमेश छठे और प्रद्युम्न आठवें स्थान पर रहे। रोमानिया के लुका जोल्डिया ने स्वर्ण पदक जीता और चीनी ताइपे के ह्सीह सियांग-चेन ने रजत पदक अपने नाम किया। मुकेश क्वालिफिकेशन में 574 अंकों के साथ नौवें स्थान पर रहे।

इसके बाद जूनियर महिलाओं की बारी आई, जहां कनिष्का डागर, लक्षिता और अंजलि चौधरी की तिकड़ी ने 1708 अंकों के साथ महिला 10 मीटर एयर पिस्टल टीम प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता।






# बीसीसीआई ने बेंगलुरु में नए एनसीए का उद्घाटन किया

**बेंगलुरु।** खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने की दिशा में बीसीसीआई ने एक और पहल की है। आज रविवार को बेंगलुरु में नई राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) का उद्घाटन किया गया। विश्व स्तरीय इस अकादमी को अब बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) के नाम से जाना जाएगा।

इससे पहले यह 2000 में अपनी स्थापना के बाद से एम चिन्नास्वामी स्टेडियम परिसर में था।

अब, बेंगलुरु में केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास 40 एकड़ से ज्यादा जमीन पर फैले बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में कुल तीन विश्व स्तरीय मैदान और 86 पिच हैं, जिनमें इनडोर और आउटडोर दोनों क्षेत्र शामिल हैं। नई तकनीक से भरपूर यह मैदान खिलाड़ियों को बेहतर ट्रेनिंग करने में मदद करेगा।





ग्राउंड ए मुख्य मैदान है, और इसमें 85 गज की बाउंड्री है, जिसमें खेलने के लिए 13 लाल मीट्टी की पिच हैं जबकि अन्य ग्राउंड भी अलग-अलग मिट्टी से तैयार किये गए हैं।

इसमें अभ्यास के लिए 45 शानदार आउटडोर नेट पिच भी हैं। साथ ही फील्डिंग अभ्यास क्षेत्र और छह आउटडोर रनिंग ट्रैक हैं।

इनडोर अभ्यास सुविधा में यूके और ऑस्ट्रेलिया के प्रीमियम टर्फ के साथ आठ पिच हैं, साथ ही 80 मीटर का कॉमन रन-अप एरिया भी है। इसमें बड़े, मजबूत ग्लास पैनल भी हैं। इस तरह की कई आधुनिक सुविधाओं का यहां विशेष ध्यान रखा गया है।

बीसीसीआई सीओई सचिव जय शाह का उद्देश्य विश्व स्तरीय सुविधाओं के माध्यम से भारत में खेल प्रशिक्षण और विकास में क्रांति लाना, एथलीटों की अगली पीढ़ी को बढ़ावा देना और वैश्विक खेल क्षेत्र में देश का दर्जा बढ़ाना है।

# पीसीबी चयनकर्ता पद से मोहम्मद यूसुफ ने इस्तीफा दिया

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश से 2-0 की टेस्ट सीरीज में हार के कुछ दिनों बाद, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चयनकर्ता मोहम्मद यूसुफ ने ₹व्यक्तिगत कारणों₹ का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।



यूसुफ हाल ही में हुए टी20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान की टीम चुनने वाले चयन पैनल का हिस्सा थे, जहां टीम ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में विफल रही।

उन्हें मार्च 2024 में पीसीबी द्वारा चयनकर्ता के रूप में नियुक्त किया गया था, और टी20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद तीखी आलोचना के बावजूद, उन्हें इस पद पर बनाए रखा गया था। हालांकि, बांग्लादेश से हार निर्णायक साबित हुई, क्योंकि यूसुफ ने 7 अक्टूबर से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट से पहले अपना पद छोड़ने का फैसला किया।

यूसुफ ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ₹मैं 'व्यक्तिगत कारणों' से पाकिस्तान क्रिकेट टीम के चयनकर्ता के रूप में अपने इस्तीफे की घोषणा करता हूं।' इस अविश्वसनीय टीम की सेवा करना एक बहुत बड़ा सम्मान रहा है, और मुझे पाकिस्तान क्रिकेट के विकास और सफलता में योगदान देने पर गर्व है। मुझे अपने खिलाड़ियों की प्रतिभा और भावना पर पूरा भरोसा है, और मैं टीम को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं।"

# सनथ जयसूर्या की कोचिंग में श्रीलंका क्रिकेट टीम के नए युग की शुरुआत

**नई दिल्ली।** श्रीलंका क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड को घरेलू टेस्ट सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर दिया है। श्रीलंका क्रिकेट टीम ने पहले टेस्ट में कीवी टीम को 63 रनों से हराने के बाद दूसरे टेस्ट में एक पारी और 154 रनों की जीत हासिल की। इसके साथ ही श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को 15 साल बार टेस्ट सीरीज में मात दी है।

श्रीलंकाई टीम का यह प्रदर्शन पिछले कुछ समय से कमाल की निरंतरता दिखा रहा है। जब से श्रीलंका के पूर्व ओपनर और दिग्गज बाएं हाथ के बल्लेबाज सनथ जयसूर्या ने अपनी टीम की कोचिंग की कमान संभाली है, तब से टीम का प्रदर्शन शानदार रहा है। श्रीलंका ने इस दौरान भारत को वनडे सीरीज में हराया, उसके बाद इंग्लैंड को उसकी ही धरती पर टेस्ट मैच में मात दी और अब न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीत ली है।

ताजा मैच में कामिंदु मेंडिस को 'प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड' मिला है। उन्होंने पहली पारी में शानदार 182 रन बनाए थे। इसके अलावा बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज प्रभात जयसूर्या को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' दिया गया है।



सनथ जयसूर्या ने अपनी बैटिंग के दौरान जिस तरह से क्रिकेट की दुनिया में नए मानक स्थापित किए थे, उसी तरह से उनकी कोचिंग में श्रीलंकाई क्रिकेट के एक नए युग की शुरूआत दिखाई दे रही है। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने जयसूर्या का अनुबंध एक और साल के लिए बढ़ा दिया है।

मौजूदा जीत के बाद श्रीलंका क्रिकेट टीम 55.56 प्रतिशत पीसीटी के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। इस तालिका में 71.67 पीसीटी के साथ भारत नंबर एक पर है। ऑस्ट्रेलिया की टीम 62.50 पीसीटी के साथ नंबर दो पर है। भारत ने अभी तक दोनों विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल खेले हैं।

# फीफा 2025 क्लब विश्व कप का फाइनल मैच न्यू जर्सी में होगा

**न्यूयॉर्क।** विश्व फुटबॉल की शासी संस्था फीफा ने अमेरिका में 12 स्टेडियमों की घोषणा की है, जहां नए फीफा क्लब विश्व कप 2025 के 63 मैच खेले जाएंगे, जिसमें फाइनल न्यूयॉर्क न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेला जाएगा।

यह टूनार्मेंट 15 जून, 2025 को शुरू होगा। न्यू यॉर्क, न्यू जर्सी में मेटलाइफ स्टेडियम 13 जुलाई, 2025 को फाइनल का आयोजन करेगा, जो कि फीफा विश्व कप 26 के फाइनल से ठीक एक साल पहले होगा।

फाइनल के लिए बहुउद्देशीय ओपन-एयर स्टेडियम, जिसे 2010 में 82,500 की क्षमता के साथ खोला गया था, 2016 कोपा अमेरिका सेंटेनारियो के फाइनल का स्थल था, जब चिली ने लियोनल मेसी के अर्जेंटीना को पेनल्टी पर हराया था।



इस स्थल को पहले फीफा विश्व कप 26 फाइनल की मेजबानी के लिए चुना गया था, इसके अलावा दो और नॉकआउट मुकाबले और पांच ग्रुप-स्टेज मैच भी होने हैं।

मेटलाइफ स्टेडियम के अलावा, अन्य 11 स्थल हैं; मर्सिडीज-बेंज स्टेडियम (अटलांटा), बैंक ऑफ अमेरिका स्टेडियम (शार्लोट), टीक्यूएल स्टेडियम (सिनसिनाटी), रोज बाउल स्टेडियम (लॉस एंजेलिस), हार्ड रॉक स्टेडियम (मियामी), जियोडिस पार्क (नैशविले), कैंपिंग वर्ल्ड स्टेडियम (ऑरलैंडो), इंटर एंड कंपनी स्टेडियम (ऑरलैंडो), लिंकन फाइनेंशियल फील्ड (फिलाडेल्फिया), लुमेन फील्ड (सिएटल) और ऑडी फील्ड (वाशिंगटन, डी.सी.)।

# आईपीएल नीलामी : खरीदे जाने के बाद नाम वापस लेने पर विदेशी खिलाड़ियों पर लगेगा 2 साल का प्रतिबंध

**बेंगलुरु।** अगर कोई विदेशी खिलाड़ी आईपीएल की नीलामी में खरीदे जाने के बाद बिना किसी ठोस वजह के खुद को आईपीएल के किसी सीजन के लिए अनुपलब्ध बताता है तो ऐसे खिलाड़ी पर दो साल का प्रतिबंध लगाया जाएगा। इसके इतर छोटी नीलामी में विदेशी खिलाड़ी का प्राइस टैग सबसे ज्यादा रिटेंशन प्राइस (18 करोड़) या बड़ी नीलामी की सबसे बड़ी बोली से अधिक नहीं होगा। जैसा कि अगस्त में ईएसपीएनक्रिकइंफो ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि आईपीएल की सभी फ्रेंचाइजी ने जुलाई में आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के समक्ष यह मांग रखी थी कि नीलामी में खरीदे जाने के बाद खुद को अनुपलब्ध करने वाले खिलाड़ियों पर कार्रवाई की जानी चाहिए।




रिटेंशन नियमों को साझा करते हुए आईपीएल ने कहा, कोई भी खिलाड़ी जो नीलामी के लिए खुद को पंजीकृत करता है और नीलामी में खरीदे जाने के बाद वह सीजन की शुरूआत से पहले खुद को अनुपलब्ध बता देता है तब उसे अगले दो सीजन के लिए आईपीएल खेलने या आईपीएल नीलामी में हिस्सा लेने से रोक दिया जाएगा। हालांकि अगर खिलाड़ी चिकित्सीय या चोट के कारणों से अनुपलब्ध रहता है तो ऐसी स्थिति में कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी लेकिन इस संबंध में खिलाड़ी के होम बोर्ड से भी पुष्टि की जाएगी।

आईपीएल ने फ्रेंचाइजी के इस प्रस्ताव को भी स्वीकारा है कि विदेशी खिलाड़ियों का बड़ी नीलामी में पंजीकरण अनिवार्य होगा। फ्रेंचाइजी ने यह तर्क दिया था कि इससे खिलाड़ी सिर्फ. बड़ी धनराशि पाने की लालच से छोटी नीलामी में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। छोटी नीलामी में टीमें अमूमन कुछ खास खिलाड़ियों पर बड़ा दांव खेलती हैं।

इसकी एक बानगी 2024 सीजन की नीलामी में भी देखने को मिली थी जब कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद ने क्रमशः मिचेल स्टार्क और पैट कमिंस के लिए बड़ी बोली लगाई थी।

कमिंस को 20.50 करोड़ जबकि स्टार्क को 24.75 करोड़ रुपये में खरीदा गया था। इस स्थिति को दोहराने से रोकने के लिया आईपीएल ने दो तरह की रणनीति अपनाई है। पहला तो यह कि अगर किसी विदेशी खिलाड़ी ने बड़ी नीलामी में खुद को पंजीकृत नहीं किया है तब उसे छोटी नीलामी में हिस्सा नहीं लेने दिया जाएगा।

विदेशी खिलाड़ी को बड़ी नीलामी के लिए खुद को पंजीकृत करना होगा। अगर खिलाड़ी ऐसा नहीं करता है तो उसे अगली छोटी नीलामी में हिस्सा लेने से वंचित रहना पड़ेगा। इस मामले में सिर्फ. चोट या चिकित्सीय स्थिति को अपवाद माना जाएगा जिसकी पुष्टि खिलाड़ी के होम बोर्ड से की जाएगी।

आईपीएल ने छोटी नीलामी में विदेशी खिलाड़ी के लिए अधिकतम फीस का प्रावधान भी लागू करने का निर्णय लिया है। किसी विदेशी खिलाड़ी की छोटी नीलामी की फीस अधिकतम रिटेंशन प्राइस (18 करोड़) या बड़ी नीलामी में लगाई गई अधिकतम बोली से कम होगी।

# बेंगलुरू एफसी की जीत की हैट्रिक के बीच सुनील छेत्री की ऐतिहासिक उपलब्धि



**बेंगलुरू।** कप्तान सुनील छेत्री के ऐतिहासिक गोल का जश्न श्री कांतीरवा स्टेडियम में मौजूद बेंगलुरू एफसी के फैंस ने जमकर मनाया, क्योंकि ब्लूज ने शनिवार को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 में मोहन बागान सुपर जायंट को 3-0 से हरा दिया। बेंगलुरू एफसी की जीत में स्पेनिश फॉरवर्ड एडगर मेंडेज ने नौवें, मिडफील्डर सुरेश सिंह वागजाम ने 20वें और सुनील छेत्री ने (पेनल्टी किक पर) 51वें मिनट में गोल किए। अपने 64वें गोल के साथ ही सुनील आईएसएल इतिहास में सबसे ज्यादा स्कोर करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। एडगर मेंडेज को मैच का पहला गोल करने और शानदार खेल दिखाने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

ब्लूज की शानदार जीत से उसके स्पेनिश हेड कोच जेरार्ड जारागोजा बेहद खुश होंगे। बेंगलुरू एफसी तीन मैचों में तीन जीत से नौ अंक लेकर तालिका में दूसरे से शीर्ष पर पहुंच गई है। वहीं, मैरिनर्स द्वारा सीजन में पहली बार हार का स्वाद चखने से स्पेनिश हेड कोच जोस मोलिना बेहद निराश होंगे। मोहन बागान सुपर जायंट तीन मैचों में एक जीत, एक ड्रा और एक हार से चार अंक लेकर तालिका में चौथे से छठे स्थान पर लुढ़क गए हैं।

मैच का पहला गोल नौवें मिनट में आया, जब स्पेनिश फॉरवर्ड एडगर मेंडेज ने बेंगलुरू एफसी को शुरूआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया। बाएं फ्लैंक में मिली फ्री-किक पर स्पेनिश मिडफील्डर अल्बर्टो नोगुएरा ने गेंद को खिलाड़ियों की भीड़ के ऊपर से फार पोस्ट की तरफ बॉक्स के अंदर पहुंचाया जहां मौजूद निखिल पुजारी ने हैडर किया और गेंद टिप्पा खाने के बाद बाउंस हुई जिसे मेंडेज ने बेहद करीब से दाहिना पैर लगाकर टॉप राइट कॉर्नर में गोलजाल में उलझा दिया जबकि मोहन बागान के गोलकीपर विशाल कैथ के पास ज्यादा कुछ करने के लिए नहीं था।

20वें मिनट में मिडफील्डर सुरेश सिंह वागजाम ने गोल करके बेंगलुरू एफसी की बढ़त को दोगुना करते हुए स्कोर 2-0 कर दिया। दाहिनी तरफ से गोल लाइन के करीब पहुंचने के बाद एडगर मेंडेज ने बॉक्स के ठीक बाहर से क्रॉस डाला, लेकिन फर्स्ट पोस्ट के आगे फॉरवर्ड सुनील छेत्री ने गिरने से पहले उस पास पर एक महत्वपूर्ण टच लगाकर मौका बनाया, जिस पर सुरेश ने पीछे से तेजी से आकर करारा राइट फुटर शॉट लगाया और गेंद आगे आए गोलकीपर विशाल कैथ के ऊपर से निकलकर राइट कॉर्नर के अंदर गोल जाल में जा उलझी।

51वें मिनट में कप्तान सुनील छेत्री ने पेनल्टी किक पर गोल करके बेंगलुरू एफसी की बढ़त को 3-0 कर दिया।

# सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह की 117वीं जयंती धूमधाम से मनाई

## पार्टी ने जिला सम्मेलन का किया आयोजन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभास पार्टी) के राष्ट्रीय कार्यालय पर 29 सितंबर को शहीद-ए-आजम भगत सिंह जी की 117वीं जयंतीधूमधाम से मनाई गई, इसके बाद पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की मीटिंग की गई। शहीद-ए-आजम भगत सिंह के जन्मदिवस समारोह की शुरुआत सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभास पार्टी) के संयोजक सतेन्द्र यादव द्वारा शहीद भगतसिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने शहीद-ए-आजम भगत सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला। सुभाषवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कहा खुद में देशभक्ति के जज्बे को भरने के लिए शहीद भगत सिंह का नाम ही काफी है। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी अनिल सिन्हा ने कहा कि स्कूली शिक्षा से ही वह भारत की आजादी के सपने देखने लगे और गांधी जी के असहयोग आन्दोलन में भाग लिया।...

इस अवसर पर पार्टी के जिला अध्यक्ष एडवोकेट दिग्विजय सिंह ने पार्टी के पदाधिकारियों को गाजियाबाद में होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए तैयारी करने के लिए कहा, उन्होंने कहा कि यही समय है जब हम सबको आगामी चुनावों के लिए पूरी तरह से जुट जाना है, पूरी मेहनत करनी है, यह मेहनत नगर निगम के आने वाले चुनावों तक जारी रखनी है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से हरिशंकर वर्मा, तेजेंद्र कुमार शर्मा, योगेश कुमार, आरपी शुक्ला, सुरेशचंद्र लाल, महेश कुमार लल्लन, मुकेश शर्मा, दुर्गा प्रसाद श्रीवास्तव, एम सी गहलोत, एन डी दीक्षित, राजेंद्र यादव, गोपाल सिंह, सुभाष गिरी, लक्ष्मण, किशोरी कुमार, सुरेंद्र पासवान, रामनरेश ठाकुर, राजेंद्र गौतम, योगेश सिंह, संजय श्रीवास्तव, महेश पांडेय, पिंटू यादव, दीपक वर्मा, अनुपम अग्रवाल समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# ध्यानपूर्वक सुनी गई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात'



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात रविवार को वार्ड 96 नेहरू नगर अशोक नगर के अध्यक्ष मनीष भार्गव के घर पर सुनी। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद अनिल स्वामी राजेंद्र तितोरिया, पूर्व पार्षद कुलदीप त्यागी, अजय चौधरी, संजय शर्मा, यतीन्द्र मित्तल, रविंदर कुमार, पवन गुप्ता, सी पी तालान, मनीष भार्गव के पिताजी, भाई-भाभी, पत्नी, पुत्र सहित पूरा परिवार उपस्थित रहा।




### महावत के केस बिरादरी का बेस और सूटकेस में फंस गया हाथी

नीले खेमें में धमाका हो गया और जिसे बम बताया जा रहा था वो पटाथा फुस्स हो गया। टिकट कटने के बाद कोसने की रवायत को इस वाले महावत ने भी पूरा किया और कह दिया कि मुझ से तो फलाना पैसे मांग रहा था और ढिकाना पैसे मांग रहा था। अब कौन समझाये कि ये वाले एलीगेशन हाथी वालों के यहां इलेक्शन में कुछ नही माने जाते। खुलासा पुराने महावत ने किया कि और उसने कहा कि सबसे पहले तो उस का नाम उजागर करों जिसने इस फेस का बेस बहन जी के दरबार में बनाया। किस्सा केस को लेकर चला और बेस की बात सूटकेस पर आकर टिक गई। कहने वाले ने कहा कि हमें तो पहले दिन से ही पता था कि ये वाला टिकट तो कटेगा ही कटेगा। यहां तो तीन तीन बार टिकट कट जाता हैं और चुनाव लड़वाने वालों को लास्ट तक पता नही होता कि किसे लड़वाना हैं। सतपाल को टिकट मिला फिर कविंद्र चौधरी को मिला और उसी टिकट पर चुनाव लड़े सूधन रावत। लोकसभा चुनाव में अशंय कालरा आये और 24 घंटे में ही संशय हो गया और फिर फूल वाले ठाकुर ने यहां हाथी की सवारी कर ली।

### वो पीते नही रामलीला का पानी मगर क्या है साठ लाख की कहानी

शहर वालों की रामलीला का गदर इंटरनल मच रहा है। कच्ची पेंसिल के हिसाब से लेकर उस पैसे की चर्चा हो रही है जो रामलीला के बैंक खाते के बजाय अनाज मंडी वाले प्रधान जी के यहां रखा गया। सेनेटेरी वाले प्रधान जी ने जब मुकदमा दर्ज कराया तो पता चला कि अगले ही दिन रामलीला के बैंक खाते में 25 लाख की रकम जमा हो गई। उससे पहले से रकम क्यों रखी थी और किसके पास रखी थी ये सवाल हवा में ही है। बताते है कि रामलीला वाले प्रधान के जीजा के इंटरफेयर के बाद फेयर तरीके से एक अधिकारी से रिटन में सीन ओके कराने के बाद रकम बैंक में डिपोजिट हो गई। अब किस्सा 60 लाख का गूंज रहा है। बताने वाले बता रहे हैं कि अनाज मंडी वाले प्रधान जी वैसे तो रामलीला का पानी नही पीते, वैसे तो वो चाय भी नही पीते लेकिन सुना है कि 60 लाख की रकम को वो एक साल से पिये बैठे थे। जो प्रधान जी को जानते हैं वो कह रहे हैं कि कुछ और मैटर होगा और ये अमानत उनके पास रखवाई गई होगी। मगर बताने वाले बता रहे हैं कि अजी खुलासा होने के बाद दस दिन के अंदर अदंर ये भी रकम जमा कराई गई हैं। जब रामलीला कमेटी का पैसा है, जब ये चैरिटी रकम हैं और अगर ये दान हैं तो फिर इसे अपने पास रखने वाला प्रधान कौन हैं। भले ही वो कमेटी का प्रधान हो, मंडी का प्रधान हों मगर इस बात का तो पता चले कि क्यों रखे थे 60 लाख।

### हम देख रहे हैं बिजनेस और ले लिया हमने तो भगवा वीआरएस

फूल वालों ने अपनी ही सरकार में अफसरों के हाथों हो रही दुर्गति से दुखी होकर कुछ तो खुद ही किनारा कर लिया है। मेयर से लेकर विधायक तक वो हश्र देख चुके हैं। तभी तो सदस्यता अभियान में कई चेहरे भगवा आसमान से गायब हैं। पुराने फूलों ने तो अब विजिटिंग कार्ड भी बिजनेस वाले देने शुरू कर दिये हैं और भगवा परिचय देना ही बंद कर दिया है। पुराने देवतुल्य ने पीड़ा जाहिर करते हुये कहा कि अजी अपनी सरकार होने का कीड़ा तो दिमाग से अफसरों ने निकाल दिया। अब हम तो अपना दिमाग अपने बिजनेस पर फोकस कर रहे हैं। आप ये मान कर चलों कि हमने भगवा वीआरएस ले लिया है। वैसे वोट सपोर्ट और नोट तो कमल के लिये ही रहेगा।

# एशियन महिला यूनिवर्सिटी सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता 2024 की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ताईचुंग ताइपे में आयोजित होने वाली एशियन महिला यूनिवर्सिटी सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता 2024 की तैयारी प्रशिक्षण शिविर रविवार को उत्तर प्रदेश सॉफ्टबॉल संघ एवं गाजियाबाद सॉफ्टबॉल संघ के तत्वावधान में तथा एच एल एमकालेज, दुहाई, गाजियाबाद केसहयोग से कॉलेज के ग्राउंड पर प्रारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथिएच एल एम कालेज के डायरेक्टर अनुज अग्रवाल थे। इस अवसर पर एचएलएम कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अर्जुन सिंह पवार व विभाग के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। लेखराज मौर्या महासचिव भारतीय सॉफ्टबॉल संघ, गाज़ियाबाद सॉफ्टबॉल संघ के चेयरमैन संजीव त्यागी, महासचिव पंकज सिंह, सचिव अरविन्द बंसल, उपाध्यक्ष सुबोध त्यागी, सहसचिव संजीत हूण, सोभित त्यागी आदि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने महिला खिलाड़ियों को आशीर्वाद प्रदान किया और टीम को स्वर्ण पदक जीत कर लाने का आशीर्वाद दिया।

# राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान 2024-25 के अंतर्गत रविवार को नगर क्षेत्र गाजियाबाद में ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त नगर क्षेत्र के कम्पोसिट विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के 85 छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

यह प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई। प्रथम चरण में विज्ञान, सामान्य ज्ञान एवं करंट अफेयर विषयों पर आधारित 25 प्रश्नों की प्रश्नावली हल करनी थी। सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 25 बच्चों का द्वितीय चरण के लिए चयन किया गया। पांच समूह बनाकर प्रश्न किए गए। श्रेष्ठतम तीन समूह यानी 15 छात्रों को निर्णायक मंडल द्वारा चयनित किया गया।

मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव, खंड शिक्षा अधिकारी नरेन्द्र सिंह, महिमा सिंह, डायट मेंटर शिखा व विज्ञान ए आर पी वाणी शर्मा द्वारा ट्रॉफी सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया।






## एनजीओ प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** एनजीओ प्रकोष्ठ की बैठक विजय नगर में रोजवेल पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, मुख्य वक्ता प्रदेश संयोजक डॉ संदीप शाही, प्रदेश सहसंयोजक संजय कश्यप, महानगर संयोजक राजीव शर्मा, सहसंयोजक सत्येन्द्र सिंह एवं वी के सक्सेना उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में सभी एनजीओ के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव दिये और उन सुझावों को कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को सौंपा गया। सरकार की योजनाओं को एनजीओ के माध्यम से आम जन तक पहुँचाया गया। कार्यक्रम के संयोजक सत्येन्द्र सिंह थे।




## बढ़ने वाली है चौकी प्रभारियों की टेंशन


पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में एक तरफ रामलीलाओं का आयोजन शुरू हो गया है, तो देहात से लेकर शहर वाले एसीपी साहब लोगों की रात की टेंशन बढ़ गई है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि इस बार कमिश्नरेट वाले साहब भी रामजी की लीला का मंचन देखने का प्लान बना रहे हैं। देखना होगा कि किस जोन की सबसे प्रमुख रामलीला में उनकी अटेंडेंस और अटेंशन देखने को मिलती है। उधर जानकारी यह मिली है की रामलीला के साथ-साथ जल्द ही शारदीय नवरात्र की शुरूआत होने वाली है। जैसा कि इस समय का माहौल बना हुआ है, सुनने में आ रहा है कि आने वाले दिनों में चौकी प्रभारियों को अपने क्षेत्र में नॉनवेज की दुकानें, अंडों की ठेली और रात के प्रोग्राम वालों को थोड़ा दिन परेशानी होगी। सूत्र बता रहे हैं कि वैसे अभी कोई आधिकारिक आदेश नहीं आया है लेकिन पुलिस पिछले बार के अनुभव से इस बार भी नवरात्र के दिनों में मांसाहार की दुकानों और होटल के साथ ही ठेली वालों को भी हटाने का काम करेगी। सुनने में आया है कि इसके लिए बाकायदा चौकी वाले प्रभारी अपने बीट वाले पुलिसकर्मियों की फील्ड में अधिक मुस्तैदी करवा रहे हैं। उनसे डाटा निकलवा रहे हैं और आने वाले दिनों में किसी प्रकार की टेंशन और परेशानी वाला माहौल ना बने इसको लेकर पहले ही बातचीत के माध्यम से हल निकालने का प्रयास कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि सिटी से लेकर देहात और नदियापार से लेकर लाइनपार प्रत्येक इलाके में शाम वाले इंतजाम के लिए वैध और अवैध दोनों तरीके की दुकानें संचालित होती हैं। उनको इस बार भी 9 से 10 दिन बंद करने का काम लोकल चौकी और बीट वाली पुलिस टीम को ही करवाना होगा। इसके साथ ही अगर कहीं पर किसी प्रकार का कोई हंगामा, प्रदर्शन और चेतावनी या कार्रवाई वाली स्थिति बनती है, तो इलाके वाले साहब से लेकर जोन वाले साहब तक को कमान संभालने के निर्देश दिए जाएंगे। वहीं कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न ना हो, इसके लिए कमिश्नरेट के सबसे परफेक्ट साहब भी आने वाले दिनों में फील्ड पर नजर आएंगे। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में चौकी प्रभारी को थाना प्रभारी और एसीपी स्तर के अधिकारी इस पूरे मामले को लेकर दिशा निर्देश देने का भी काम करने वाले हैं। ऐसी सूत्रों से जानकारी मिली है। कुल मिलाकर देखा जाना यह है कि इस नवरात्रों में बिना आदेश के भी क्या व्यवस्था रहती है और कहीं पर किसी प्रकार का कोई सीन तो क्रिएट नहीं होता है।



# सीआरपीएफ की फिजिकल ट्रेनिंग में आयुषी त्यागी ने पहला स्थान प्राप्त किया








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** निवाड़ी की बेटी आयुषी त्यागी ने जिले का नाम रोशन किया है। सीआरपीएफ की फिजिकल ट्रेनिंग में उन्होंने पहला स्थान प्राप्त हुआ है। निवाड़ी गांव के रहने वाले राजेंद्र त्यागी की बेटी आयुषी त्यागी का चयन पिछले दिनों सीआरपीएफ में सब-इंस्पेक्टर पद के लिए हुआ था। तमिलनाडू के कोयंबटूर स्थित सीआरपीएफ के केंद्रीय प्रशिक्षण महाविद्यालय में उनका प्रशिक्षण चल रहा था। प्रशिक्षण के दौरान फिजिकल ट्रेनिंग में बेहतरीन प्रदर्शन कर पहला स्थान प्राप्त किया। सीआरपीएफ के आइजी सीटी वेंकटेश ने उन्हें पुरस्कार व सर्टिफिकेट दिया।

# भाजपा पार्षद मदन राय ने बूथ 841 पर कार्यकर्ताओं के साथ सुनी प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** लाजपत नगर मंडल में वार्ड 86 में बूथ संख्या 841 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात को सुना।

कार्यक्रम के बाद बूथ के लोगों को भाजपा की प्राथमिक सदस्यता दिलाई गई। पार्षद मदन राय ने बताया कि प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण और स्वच्छता अभियान को लेकर के चर्चा की। वोकल फॉर लोकल को लेकर के भी आह्वान किया, ताकि स्थानीय कुटीर उद्योग और स्वरोजगार करने वाले नागरिक लाभान्वित हो सकें। इसके अलावा पीएम खंडित मूर्तियां और कलाकृतियां अमेरिका से वापस लेकर के आए, इससे प्रेरणा मिलती है।

## पूर्व पार्षद मौ जाकिर अली सैफी ने रीबन काट कर किया ईएनटी क्लीनिक का उद्घाटन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** प्रेमनगर गौशाला रोड़ जिला महिला चिकित्सलय के सामने भारत मेडिकल स्टोर व ईएनटी क्लीनिक का उद्घाटन वरिष्ठ नेता व पूर्व पार्षद मौ जाकिर अली सैफी ने रीबन काट कर किया। ईएनटी क्लीनिक पर क्षेत्र के लोगों को बाजार मूल्य से 20 प्रतिशत दर कम पर दवाईयां उपलब्ध होंगी। मेडिकल स्टोर के मालिक डा० अयान सैफी के द्वारा बताया गया कि मेडिकल स्टोर पर सभी प्रकार की दवाईंया उचित दामों पर उपलब्ध रहेगी। साथ ही उपभोक्ताओं को 20 प्रतिशत कम रेट्स पर मिलेगी।



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनगर मंडल में सुना गया मन की बात। राजनगर के वार्ड संख्या 84 में बूथ संख्या 344 पर सुना गया। यह कार्यक्रम सहकारिता प्रकोष्ठ के महानगर संयोजक वीरेंद्र सारस्वत की देखरेख में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद प्रवीण चौधरी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम यादव, मंडल महामंत्री मनोज कुमार गिरी, वार्ड अध्यक्ष ओम प्रकाश पोपली, राजीव त्यागी, प्रमोद तोमर, शिवानी बंसल, सोहनवीर, मुख्य रूप से मौजूद थे।

# सनातन धर्म के लिए प्राण बलिदान करने वाले याद रखना हम सबका धार्मिक व नैतिक दायित्व : यति नरसिंहानंद गिरी

## आज हिंदुओ के नेताओं को इजरायल के नेताओं से शिक्षा लेनी चाहिए : मुकेश त्यागी




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रविवार को लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में अमर बलिदानी मेजर आशाराम त्यागी सेवा संस्थान के तत्वाधान में सनातन धर्म और भारत राष्ट्र के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर बलिदानियों का तर्पण किया गया। उन्हें दीप यज्ञ के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर वीर रस के युवा कवियों ने भी अपनी कविताओं के माध्यम से अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कवि सम्मेलन का संचालन मध्य प्रदेश के कवि शशिकांत यादव ने किया और गौरव चौहान, गौरव साक्षी, एकाग्र शर्मा, साक्षी तिवारी, विकास त्यागी, स्वदेश यादव, भावना त्यागी ने अपनी रचनाओं से अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में आशीर्वचन प्रदान करते हुए शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने कहा कि जिन्होंने सनातन धर्म और भारत राष्ट्र के लिए अपने प्राणों का बलिदान किया है, संपूर्ण मानवता सदैव उनकी ऋणी रहेगी। उनको याद रखना और आने वाली पीढ़ियों तक उनकी गौरव गाथा को पहुंचाते रहना ये हम सबका धार्मिक व नैतिक कर्तव्य है। अगर हम अपने अमर बलिदानियों को भूल जाएंगे तो धरती मां वीर पुत्र पैदा करना बंद कर देगी। अमर बलिदानी मेजर आशाराम त्यागी सेवा संस्थान के अध्यक्ष मुकेश त्यागी ने सभी अतिथियों और कवियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आज भारत के नेताओं को इजरायल से शिक्षा लेनी चाहिए। अगर भारत के नेता भी इजरायल का अनुशरण करेंगे तो हमें अपने निर्दोष नागरिकों और सैनिकों के शव पर विलाप नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने भारत सरकार से इस्लामिक जिहाद से निपटने के लिए ठोस रणनीति बनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथियों में देवी मंदिर दिल्ली गेट के महंत स्वामी गिरीशनंद गिरी, साध्वी आस्था मां, साध्वी विनम गिरी, कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा, अजय पाल त्यागी, ममता बसंत त्यागी, अनिल अग्रवाल, महेश आहूजा, राजेंद्र त्यागी, आशीष त्यागी, राजीव त्यागी, अनिल यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संस्थान के सभी साथी नीरज त्यागी, मुकेश त्यागी, अक्षय त्यागी, संजय बहेड़ी, नरेंद्र काकड़ा, प्रमोद त्यागी, डॉक्टर उदिता त्यागी, श्याम सुंदर त्यागी, आसाराम त्यागी, अवनीश त्यागी, विजेंदर त्यागी मकनपुर, आसाराम त्यागी, सुरेश त्यागी, जिला अध्यक्ष अवनीश त्यागी, पुनीत त्यागी, अजय त्यागी दिनकरपुर आदि सम्मिलित रहे।

## सम्मेलन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष सचिन डेढा के नेतृत्व में भाजपा युवा मोर्चा सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्यरूप से खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद यादव, प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा, विधान परिषद सदस्य प्रांशु दत्त दिवेदी, प्रदेश सरकार में मंत्री सुनील शर्मा, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष सुखविंदर सोम, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सिद्धार्थ युगल, क्षेत्रीय मंत्री काजल त्यागी। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद यादव ने कहा कि देश की युवा पीढ़ी काफी ऊजार्वान है, इन युवाओं की ऊर्जा का सही प्रयोग राष्ट्र निर्माण में अति महत्पूर्ण है कउन्होंने वहां उपस्थित युवा कार्यकताओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा की आने वाला समय युवाओं का है।

# सीरिया में हुए एक हमले में 12 ईरान समर्थित लड़ाकों की मौत






**दमिश्क ।** रविवार को सीरिया में हुए एक हमले में 12 ईरान समर्थित लड़ाकों की मौत हो गई है और बड़ी संख्या में लोग घायल हुए हैं। संघर्षों पर निगाह रखने वाली एक संस्था ने यह जानकारी दी है।

रिपोर्ट के अनुसार, सीरिया के देर एजोर शहर के पूर्व में एक ठिकाने पर हुए हमले में 12 ईरान समर्थित लड़ाकों की मौत हुई है।

यह इलाका इराक की सीमा के नजदीक स्थित है। हमला कहां से हुआ, इसकी जानकारी नहीं मिली है।

### अभी तक किसी ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली

अभी तक इस हमले की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है। गौरतलब है कि ईरान द्वारा सीरिया को साल 2011 में शुरू हुए गृहयुद्ध के समय से ही सैन्य मदद दी जा रही है। इस्राइल द्वारा बीते समय में सीरिया में ईरान समर्थित संगठनों के ठिकानों पर कई बार हमले किए हैं। यही वजह है कि अभी पश्चिम एशिया में जिस तरह के हालात हैं और इस्राइल और ईरान में जैसी ठनी हुई है, उसे देखते हुए इस हमले के पीछे भी इस्राइल का हाथ होने से इनकार नहीं किया जा सकता।

अमेरिका द्वारा भी कई बार सीरिया में हमलों को अंजाम दिया गया है। ऐसे में ताजा हमले को लेकर कुछ तरह तरह की चचाएं हैं।

### सीरिया में अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिशों में जुटा ईरान

ईरान लगातार सीरिया में अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है और इस्राइल इसका विरोध कर रहा है।

शुक्रवार को ही इस्राइल के हमले में लेबनान में हिजबुल्ला प्रमुख हसन नसरल्ला की मौत हो गई है।

लेबनान में इस्राइल के हमलों में अभी तक 700 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और लाखों लोग विस्थापित जीवन जी रहे हैं। इसके चलते पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर है। सीरिया में मानवाधिकारों के लिए काम करने वाली संस्था का कहना है कि इस्राइली सेना लगातार सीरिया-लेबनान सीमा पर हथियारों के सप्लाई रूट पर हमले कर रही है।



# भारतीय मूल के स्वास्थ्य सलाहकार ने टीकों के बारे में बोला झूठ, अश्लील पार्टी के कारण किए गए थे बर्खास्त

**नई दिल्ली ।** भारतीय मूल के अमेरिकी स्वास्थ्य सलाहकार जय वर्मा ने खुद पर लगे आरोपों पर सार्वजनिक रूप से प्रतिक्रिया नहीं दी है, हालांकि उन्होंने पहले कैमरे के फुटेज को गलत और एडिटेड बताया था। यह तब हुआ जब एक छिपे हिए कैमरे का फुटेज सामने आया, जिसमें न्यूयॉर्क शहर के पूर्व कोविड जार जय वर्मा ने महामारी के दौरान नशीली दवाओं से प्रेरित प्रतिबंधित पार्टियों में हिस्सा लेते हुए दिखाया गया।

### पूर्व मेयर वरिष्ठ स्वास्थ्य सलाहकार थे जय वर्मा

जय वर्मा, जो महामारी के चरम के दौरान पूर्व मेयर बिल डी ब्लासियो के वरिष्ठ स्वास्थ्य सलाहकार थे, ने नए जारी फुटेज में कबूल किया कि वायरस के प्रति प्राकृतिक प्रतिरक्षा टीकाकरण के समान ही प्रभावी है। एक स्थानीय समाचार पत्र के अनुसार, उन्होंने कहा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता... हर कोई वायरस के संपर्क में आ चुका है। चाहे आप वायरस के संपर्क में आए हों क्योंकि यह आपके शरीर में सांस के जरिए गया है या आपको इंजेक्शन लगाया गया है। यह एक ही प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया है।



हिडेन कैमरे से हुआ झूठ का खुलासा हालांकि, कोविड अनिवार्यताओं के खिलाफ कई मुकदमों के दौरान, जय वर्मा ने विरोधाभासी गवाही दी, जिसमें उन्होंने कहा, कोविड-19 वैक्सीन उन लोगों को पुनः संक्रमण के खिलाफ अधिक सुरक्षा प्रदान करती है, जिन्हें पहले कोविड-19 संक्रमण हो चुका है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब छिपे हुए कैमरे से फिल्माए गए और पॉडकास्टर स्टीवन क्राउडर की तरफ से जारी किए गए फुटेज में जय वर्मा को वैक्सीन अनिवार्यताओं की सीमाओं पर चर्चा करते हुए दिखाया गया। आलोचकों ने तब से उन पर झूठी गवाही देने का आरोप लगाया है, जिसके कारण कानूनी कार्रवाई की मांग बढ़ रही है।

### पार्षद ने झूठ बोलने का लगाया आरोप

पार्षद जोआन एरियोला (आर-क्वींस) ने जय वर्मा पर झूठी गवाही देने या शपथ लेकर झूठ बोलने का आरोप लगाया है और इस बात पर जोर दिया है कि उनकी भ्रामक गवाही के कारण टीकाकरण अनिवार्य हो गया जिससे न्यूयॉर्क के रहने वालों को नुकसान हुआ। जोआन एरियोला ने कहा, डॉ. वर्मा ने शपथ लेकर कहा कि वैक्सीन नए उडश्क्ळ्स्ट्रेन के प्रसार को रोकने का सबसे प्रभावी तरीका है, लेकिन कैप्चर किए गए फुटेज में, वह निजी तौर पर स्वीकार करते हैं कि वास्तव में, टीकाकरण और प्राकृतिक प्रतिरक्षा के बीच कोई अंतर नहीं है। यह सरासर झूठी गवाही है... झूठी गवाही के कारण हजारों लोगों की आजीविका चली गई - और उन्हें अपने कार्यों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

## हसन नसल्ला के बाद हाशेम सफीद्दीन बना नया हिजबुल्ला प्रमुख

# 2017 में यूएस ने घोषित किया था आतंकवादी

**नई दिल्ली ।** बेरूत में इस्राइली हवाई हमलों में हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्ला की हाल ही में हुई मौत ने हाशेम सफीद्दीन को चर्चा का केंद्र बना दिया है, जिन्हें संभावित उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा था। 32 वर्षों तक समूह का नेतृत्व करने वाले नसरल्ला की हमले में मौत की पुष्टि हो गई, जिससे हिजबुल्ला को अपने 42 साल के इतिहास में संगठन की तरफ से सामना किए गए सबसे भीषण सैन्य हमले के बीच एक नए नेता का चयन करने की चुनौती का सामना करना पड़ा।

### कौन हैं हिजबुल्ला का नया प्रमुख हाशेम सफीद्दीन?

जानकारी के मुताबिक हाशेम सफीद्दीन हिजबुल्ला के कार्यकारी परिषद के प्रमुख के रूप में समूह के राजनीतिक मामलों की देखरेख करता हैं और जिहाद परिषद में भी शामिल होता हैं। जो हिजबुल्ला के सैन्य अभियानों का निर्देशन करती है। हसन



नसरल्लाह के चचेरे भाई, सफीद्दीन काली पगड़ी पहनकर मौलवी का दर्जा साझा करते हैं, जो पैगंबर मुहम्मद के वंशज होने का संकेत देता है।

अमेरिका ने 2017 में घोषित किया था आतंकी हाल ही में हुए हमलों में कथित रूप से बचे सफीद्दीन हिजबुल्ला संगठन में महत्वपूर्ण पदों पर हैं। उसे 2017 में अमेरिकी विदेश विभाग की तरफ से आतंकवादी घोषित किया गया था। सफीद्दीन को उनके आक्रामक बयानों के लिए जाना जाता है। एक समाचार एजेंसी के अनुसार, एक अंतिम संस्कार में, हाशेम सफीद्दीन ने इस्राइल के खिलाफ एक बड़ी धमकी दी, कि दुश्मन को रोने के लिए तैयार रहना चाहिए।

सफीद्दीन के सार्वजनिक बयान अक्सर हिजबुल्ला की उग्रवादी विचारधारा और फलस्तीनी कारणों के साथ एकजुटता को दशार्ते हैं। बेरूत में हिजबुल्ला के गढ़ दहियाह में हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान, उन्होंने फलस्तीनी लड़ाकों के प्रति समर्थन दिखाते हुए जोर दिया, हमारा इतिहास, हमारी बंदूकें और हमारे रॉकेट आपके साथ हैं। अमेरिकी नीति के खिलाफ भी मुखर रहा हैं सफीद्दीन विशेषज्ञों का कहना है कि नसरल्ला हिजबुल्ला की कई परिषदों में नेतृत्व की भूमिकाओं के लिए सफीद्दीन को तैयार कर रहे थे, जिनमें से कुछ सार्वजनिक रूप से कम दिखाई देते हैं। जानकारी के मुताबिक नसरल्ला के साथ सफीद्दीन का पारिवारिक संबंध, उनकी शारीरिक समानता और उनकी मौलवी स्थिति नेतृत्व के लिए उनकी उम्मीदवारी को मजबूत कर सकती है।

## अमेरिका में 'हेलेन' की वजह से अब तक 56 लोगों की जानें गईं

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के दक्षिणपूर्व क्षेत्र में तूफान हेलेन के कारण तबाही मच गई। तूफान के कारण आई भारी बारिश में अबतक 56 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं कई लोगों को सुरक्षित



स्थानों पर स्थानांतरित किया गया। इस तूफान के कारण लाखों लोग को बिना बिजली के अंधेरे में रहने के लिए मजबूर हैं। शनिवार को बाढ़ में फंसे लोगों को बचाने के लिए राहत-बचाव अभियान चलाया गया। उत्तर कौरोलिना में अबतक 10 लोगों की मौत हो चुकी हैं, जबकि दक्षिण कैरोलिना में 19 लोग हताहत हुए हैं, जिसमें दो दमकलकर्मी भी शामिल हैं। राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस तबाही को लेकर चिंता जताई है।

# बलूचिस्तान में पंजाब के 7 मजदूरों की हत्या संदिग्ध आतंकवादियों की कायराना हरकत

**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में संदिग्ध आतंकवादियों ने रविवार को कम से कम सात पंजाबी मजदूरों की हत्या कर दी। ये वारदात अशांत क्षेत्र में इस तरह की हत्या की ताजा घटना है।

पुलिस ने बताया कि ये मजदूर पंजगुर शहर के खुदा-ए-अबादन इलाके में एक मकान के निर्माण के लिए काम पर रखे गए थे। पीड़ित पंजाब प्रांत के मुल्तान जिले के रहने वाले थे और हमले के समय वे दिन भर की मेहनत के बाद एक ही छत के नीचे सो रहे थे। जानकारी के मुताबिक स्वचालित हथियारों से लैस हमलावर परिसर में घुसे और अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।

किसी संगठन ने लगी हमले की जिम्मेदारी पुलिस महानिरीक्षक मोअज्जम जाह अंसारी ने डॉन को बताया, सात मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। मृतकों की पहचान साजिद, शफीक, फैयाज, इफ्तिखार, सलमान, खालिद और अल्लाह वासिया के रूप में हुई है। अभी तक




किसी भी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली, लेकिन पंजगुर के एसएसपी फाजिल शाह बुखारी ने कहा कि यह एक आतंकवादी हमला है और कहा कि जांच शुरू कर दी गई है।

वहीं पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस हमले की निंदा की। जबकि प्रधानमंत्री ने बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर सरफराज बुगती से इस मामले में रिपोर्ट मांगी। उन्होंने आतंकवाद को जड़ से उखाड़ने के लिए हर संभव कदम उठाने का संकल्प भी दोहराया।

**बलूच आतंकवादी में पंजाबी श्रमिकों को बनाते हैं निशाना:** यह हमला ऐसी वारदातों की एक श्रृंखला में से एक है।

# अंतरराष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान ने फिर मुंह की खाई

# भारत ने याद दिलाए पुराने कर्म, चीन को भी सख्त संदेश

**वॉशिंगटन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान से दो टूक कहा कि भारत के खिलाफ सीमापार से चलाए जा रहे आतंकवाद की सजा उसे निश्चित रूप से भुगतनी होगी।

जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों के बीच हल किया जाने वाला मुद्दा अब सिर्फ पाकिस्तान की ओर से अवैध रूप से कब्जा किए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करना और आतंकवाद को समर्थन देना बंद करना है।

महासभा के 79वें सत्र में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि हमने इसी मंच से कुछ अनोखी बातें सुनी। मैं भारत की स्थिति साफ कर देना चाहता हूं। भारत के खिलाफ पाकिस्तान की सीमापार आतंकवाद की नीति कभी सफल नहीं होगी। उसे इसके नतीजे भी भुगतने होंगे। उन्होंने कहा कि यह पाकिस्तान के कर्मों का ही फल है कि उसके समाज को बुराइयां निगल रही हैं।




जयशंकर ने कहा कि कई देश इसलिए पिछड़ जाते हैं, क्योंकि हालात उनके नियंत्रण में नहीं होते, पर कुछ देश अपनी इच्छा से विनाशकारी परिणाम चुनते हैं। हमारा पड़ोसी पाकिस्तान इसका सटीक उदाहरण है। हम देख रहे हैं पाकिस्तान ने दूसरे देशों के लिए जो परेशानियां पैदा करनी चाही, वही उसकी समाज को खत्म कर रही है। वह इसका आरोप दूसरों पर नहीं मढ़ सकता है।

जयशंकर ने सुरक्षा परिषद में वैश्विक आतंकियों की घोषणा के रास्ते में अड़ंगा डालने पर भी चीन को कड़ा संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि आतंक उन सभी चीजों के उलट है, जिनके लिए दुनिया खड़ी है। आतंकवाद के सभी रूपों का सख्ती से विरोध किया जाना चाहिए। वैश्विक आतंकियों की घोषणा में राजनीतिक कारणों से बाधा नहीं डाली जानी चाहिए। उनकी जीडीपी का पैमाना कट्टरपंथ और आतंक का निर्यात उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की जीडीपी को केवल कट्टरपंथ और आतंकवाद के निर्यात के संदर्भ में ही मापा जा सकता है। पाकिस्तान जो बुराइयां दूसरे देशों पर थोपना चाहता है, वह उसके ही समाज को निगल रही हैं। इसके लिए दुनिया को दोष नहीं दे सकता, यह उसके कर्मों का फल है। दूसरों की जमीन का लालच करने वाले इस निष्क्रिय देश को बेनकाब किया जाना चाहिए, विरोध किया जाना चाहिए।

**पाकिस्तान ने क्या कहा था:** इससे पहले पाकिस्तान ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में एक बार फिर जम्मू-कश्मीर का राग अलापा था।

बार-बार मुंह की खाने के बावूजद अपनी हरकतों से बाज नहीं आने वाला पाकिस्तान एक बार फिर कश्मीर पर बेतुका बयान देने से बाज नहीं आया।

# नेपाल में बाढ़ से भारी तबाही, अब तक 125 ने गंवाई जान

## इलाके के दर्जनों लोग हुए लापता, कई इलाके जलमग्न





**काठमांडू ।** पुलिस ने बताया कि नेपाल में बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या रविवार को 125 हो गई। शुक्रवार से पूर्वी और मध्य नेपाल के बड़े हिस्से जलमग्न हैं, देश के कई हिस्सों में अचानक बाढ़ ने कहर बरपा रखा है। सशस्त्र पुलिस बल के सूत्रों के अनुसार, बाढ़, भूस्खलन और बाढ़ में 64 लोग लापता हैं, जबकि 61 लोग घायल हुए हैं। काठमांडू घाटी में सबसे अधिक मौतें हुई हैं।

इस भीषण बाढ़ में कम से कम 322 घर और 16 पुल क्षतिग्रस्त हो गए है। सशस्त्र पुलिस बल के सूत्रों ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने करीब 3,626 लोगों को बचाया है। सूत्रों ने बताया कि बचाव अभियान अभी भी जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उन्होंने 40-45 सालों में काठमांडू घाटी में ऐसी विनाशकारी बाढ़ कभी नहीं देखी। सशस्त्र पुलिस बल की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि, इस विनाशाकारी बाढ़ में मरने वालों की संख्या 125 हो गई है।

शनिवार को काठमांडू की सीमा से लगे धाडिंग जिले में भूस्खलन में एक बस के दब जाने से कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई। भक्तपुर शहर में भूस्खलन के कारण एक घर ढह जाने से पांच लोगों की मौत हो गई। मकवानपुर में ऑल नेपाल फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा संचालित एक प्रशिक्षण केंद्र भूस्खलन की चपेट में आ गया। जिसमें छह फुटबॉल खिलाड़ी भी मारे गए। अन्य लोग बाढ़ के पानी में बह गए।

नेपाल पुलिस के उप-प्रवक्ता बिश्वो अधिकारी ने कहा कि भारी बारिश के कारण हिमालय क्षेत्र में 66 लोगों ने अपनी जान गंवाई। काठमांडू घाटी में 34 लोगों की मौत हो गी। बाढ़ के कारण 60 लोग घायल हो गए। देशभर में 79 लोग अभी भी लापता हैं। तीन हजार लोगों को बचाया भी जा चुका है।

बिश्वो अधिकारी ने बताया कि 63 इलाकों के मुख्य राजमार्ग अवरुद्ध कर दिए गए हैं। कार्यवाहक प्रधानमंत्री और शहरी विकास मंत्री प्रकाश मान सिंह ने आपातकालीन बैठक बुलाई।


नेपाल सरकार ने अगले तीन दिनों के लिए स्कूलों को बंद रखने के निर्देश दिए। भारी बारिश और बाढ़ के कारण काठमांडू में बिजली कटौती के कारण लोग अंधेरे में रहने के लिए मजबूर हैं। पुलिस ने बताया कि काठमांडू में 226 घर जलमग्न हो गए।

# नसरल्ला की मौत पर बाइडन बोले-पीड़ितों के साथ न्याय हुआ

## इस्राइल के लिए अपने समर्थन को दोहराया

**वॉशिंगटन ।** हजबुल्ला नेता हसन नसरल्ला की मौत हो गई। इस्राइली सेना ने घोषणा की कि नसरल्ला शुक्रवार को बेरूत में हुए हवाई हमले में मारा गया। हिजबुल्ला नेता की मौत पर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इसे हजारों अमेरिकी, इस्राइली और लेबनानी 'पीड़ितों के साथ न्याय हुआ' कहा। इस्राइली हवाई हमले में मारे जाने के एक दिन बाद अपने बयान में राष्ट्रपति बाइडन ने हिजबुल्लाह, हमास, हूती और अन्य ईरानी समर्थित आतंकवादी समूहों के खिलाफ इस्राइल के बचाव के लिए अपने समर्थन को दोहराया।

**मध्यपूर्व में अमेरिकी सैन्य बलों की संख्या बढ़ाने के निर्देश:** बाइडन ने बताया कि उन्होंने रक्षा सचिव को मध्य-पूर्व क्षेत्रों में आक्रमकता को रोकने और युद्ध के जोखिम को कम करने के लिए अमेरिकी सैन्य बलों की



संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति का बयान तब आया जब विदेश मंत्रालय ने अपने राजनयिकों और परिवारवालों को सुरक्षा स्थिति के कारण बेरूत छोड़ने का आदेश दिया। एजेंसी ने अमेरिकी नागरिकों को वहां से जाने का आग्रह किया।

इस्राइली वायु सेना ने शुक्रवार शाम लेबनान की राजधानी बेरूत में बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए। सेना ने कहा कि इसने हिजबुल्ला के मुख्यालय पर हमला किया। हमलों के बाद आईडीएफ ने बताया कि हिजबुल्ला का प्रमुख हसन नसरल्ला कल बेरूत में हुए हवाई हमले में मारा गया। इससे पहले एक इस्राइली अधिकारी ने टाइम्स ऑफ इस्राइल से पुष्टि की कि हमलों का निशाना हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्लाह था, जो उस समय कमांड सेंटर में मौजूद था।

इस हमले ने लेबनान की राजधानी को हिलाकर रख दिया और शहर के ऊपर धुएं के घने बादल छा गए। हमलों में कई अन्य लोग भी हताहत हुए। इस्राइली हमलों में छह इमारतें ध्वस्त हो गईं। यह हिजबुल्ला और इस्राइली के बीच संघर्ष के लगभग एक साल में बेरूत में सबसे बड़ा हमला था।




# शहर के 5 बड़े मॉल्स पर लगभग 80 लाख यूजर चार्ज बकाया : महापौर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल लगातार शहर में व्यावसायिक सम्पत्तियों की निगरानी स्वयं कर रही हैं जिससे गृहकर में हो रही अनियमितता और टैक्स चोरी पर रोक लगे व निगम का रेवन्यू भी बढ़े। इसी क्रम में महापौर सुनीता दयाल ने शहर के 5 बड़े मॉल्स का बकाया यूजर चार्ज देखा, जिसमें (1) दुबई मॉल पर 6 लाख बकाया, (2) गौर मॉल पर 12 लाख बकाया, (3) चौधरी मॉल पर 12 लाख बकाया, (4) ओपयूलेंट मॉल पर 30 लाख बकाया व (5) वर्ल्ड स्कवाईर मॉल पर लगभग 15-20 लाख बकाया है। महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि मैं टैक्स को लेकर बहुत चिंचित हूं जो पैसा नगर निगम के खाते में जाना चाहिए, वह नहीं जा रहा है इसमें घोर लापरवाही की जा रही है और जल्द ही इस पर योजना बना कर कार्यवाही की रफ्तार को बढ़ाया जाएगा।

## व्यावसायिक संपत्तियों पर गृहकर और यूजर चार्ज बढ़ाने और कलेक्शन पर नगर निगम करेगा कार्रवाई : सुनीता दयाल

### यूजर चार्ज वसूलने वाली कंपनी नहीं बढ़ा पा रही नगर निगम का रिवेन्यू

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम डोर टू डोर कूड़ा संग्रहण करता है जिसके लिए यूजर चार्ज का शुल्क भी लेता है। ऐसे ही बड़े-बड़े प्रतिष्ठानों से भी बल्क में कूड़ा निकलता है जिसके लिए नगर निगम यूजर चार्ज की रकम वसूल करता है लेकिन देखने में यह आया है कि बड़े-बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से यूजर चार्ज वसूल नहीं किया जा रहा है जिससे नगर निगम को रेवन्यू लॉस हो रहा है। नगर निगम सीमाक्षेत्र में यूजर चार्ज कलेक्ट करने के लिए स्पैरो सॉफ्टटेक कम्पनी को यह कार्य सौंपा गया था। कंपनी शहर में रिवेन्यू कलेक्ट नहीं कर पा रही है एवं नगर निगम के जोनल कार्यालयों में भी यूजर चार्ज जमा होता है, लेकिन इन व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से रिवेन्यू लेने के लिए कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

# विश्व हृदय दिवसपर यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में जागरूकता शिविर का आयोजन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** विश्व हृदय दिवस के अवसर पर रविवार को यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी में जागरूकताशिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. रुचि गर्ग ने किया। आम जनता ने प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर यशोदा कौशांबी के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञों डॉ. धीरेंद्र सिंघानिया और डॉ. असित खन्ना ने दिया। सत्र में 150 से अधिक लोगों ने भाग लिया।







सत्र में डॉ. अनुज अग्रवाल (सीएमएस), डॉ. मनोज, डॉ. अमरलाल, डॉ. सचिन और डॉ. प्रियंका भी थे। सीएमडी डॉ. पी एन अरोड़ा ने कहा कि सभी को हृदय स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और गंभीरतापूर्वक लेना चाहिए।

# एचआरआईटी विश्वविद्यालय में स्टॉक ट्रेडिंग कार्यशाला का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एचआरआईटी विश्वविद्यालय के प्रबंधन संकाय ने स्टॉक ट्रेडिंग कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का संचालक एवं प्रमुख वक्ता मिलन बाविशी थे।

मिलन बाविशी राष्ट्रीय स्तर के वित्तीय सलाहकार एवं सेबी द्वारा प्रमाणित वित्तीय शोधकर्ता हैं। मिलन बाविशी ने स्टॉक ट्रेडिंग के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई। कार्यशाला का उद्घाटन विश्वविद्यालय के प्रो. चांसलर डॉ. अंजुल अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के प्रमुख शिक्षाविद वाइस चांसलर डॉक्टर डी के शर्मा, प्रो. वाइस चांसलर डॉ. एन के शर्मा, डीन प्रबंधन संकाय डॉ. निर्दोष अग्रवाल, विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रश्मि त्यागी ने उपस्थित होकर कार्यशाला को सफल संचालन में सहयोग किया।

धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर लल्लन त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान डॉक्टर रूपांजलि आचार्य एवं प्रोफेसर प्रभाकर मिश्रा ने किया। कार्यक्रम को विशिष्ट प्रकार सफल बनाने में प्रोफेसर अनुज कुमार एवं प्रोफेसर प्रीति ने योगदान दिया। मंच का संचालक एम बी ए प्रथम वर्ष के छात्र अपूर्व, प्रतीक एवं हर्षिता द्वारा किया गया और कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर शबनम जैदी, गौरव उपल, चमन गौतम एवं अतुल भूषण का भी विशेष सहयोग रहा।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद करंट क्राइम। अनुराधा महापात्र की ये खूबी है कि वो सब की खुशी में शामिल होती हैं और बधाई शुभकामनाएं देने में सबसे आगे रहती हैं। शुभ्रा के हैप्पी बर्थडे पर उन्होंने अपनी पोस्ट से शुभ्रा को हैप्पी फील कराया। जन्मदिन की खुशी बधाई शुभकामनाएं देती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# वार्ड 78 में 10 लाख से अधिक की लागत के सड़क निर्माण कार्य का किया गया शुभारंभ

## निरंतर उन्नति के पथ पर अग्रसर वार्ड 78 शालीमार गार्डन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शालीमार गार्डन वार्ड 78 विस्तार प्रथम में रविवार को गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, महामंत्री पप्पू पहलवान के नेतृत्व में क्षेत्र की निगम पार्षद ओमवती देवी के सानिध्य में निरंतर हो रहा है क्षेत्र का चौमुखी विकास। इसी कड़ी में रविवार को ग्रीन बेल्ट हाईवे सोसाइटी में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के कर कमलों द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया। इस कार्य की लागत 10 लाख से अधिक है। इस अवसर पर ग्रीन बेल्ट हाईवे सोसाइटी के अध्यक्ष राजीव गुप्ता, संजीव गुप्ता, पीयूष गुप्ता, संजीव गुप्ता महासचिव, राजीव गुप्ता कोषाध्यक्ष, सुबोध भड़ाना अध्यक्ष, आर एम राम, राजीव कर्दम, पियूष गोयल, देवेंद्र शर्मा, मुकुल जोहरी, विवेक, सुरिंदर अरोड़ा, जय कुमार, संजय कॉल, दिग्विजय पांडे, जयबीर सिंह, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष डी एन कॉल, भूषण लाल टिंगलु, श्याम शर्मा, भूपेंद्र गोस्वामी, शशि मेनन, सुमन सती, अंजू घनशाला, निशा चौहान, कुमकुम गुप्ता आदि सभी गणमान्य सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।







- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमारी अनुज मित्तल जी और अनिल सांवरिया जी को है राय? उनके द्वारा जो व्यापारी सम्मेलन किया जा रहा है? उसका नाम वैश्य सम्मेलन रख दिया जाये? उनके पोस्टर देखकर तो हो रहा है हमें यही एहसास? जैसे वैश्य बिरादरी के अलावा कोई व्यापार नहीं करता है साहब? मित्तल जी के पास संयोजक तो सावंरिया जी के पास है सहसंयोजक वाला प्रभार? कार्यक्रम में उन्होंने दो मुख्य अतिथि भी वैश्य समाज से बनाये हैं? अब आप खुद ही समझ जाओ इसे क्यों ना दें हम वैश्य सम्मेलन करार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** डेढ़ा भैया ने युवा मोर्चा वाला सम्मेलन किया जोरदार? मगर उन्होंने ऐसा क्या किया जिसकी चर्चाएं होनी लगी जोरदार? सुना है वो कार्यक्रम में कराना चाहते थे अपनी ताकत का एहसास? कार्यक्रम में भीड़ दिखाई दे, कुछ ऐसा ही था उनका प्रयास? मगर उस वक्त गया हमारा दिमाग शॉक? जब हमने देखा डेढ़ा भैया ने सबको अंदर बंद करके बाहर से लगा दिया लॉक? जब तक कार्यक्रम चला, तब तक नहीं जाने दिया गया किसी को भी बाहर? युवाओं को बांधकर रखने का ये भी तरीका रहा जोरदार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** युवा मोर्चा के कार्यक्रम में एक और चल रही थी फाईट? हम देख रहे थे लीलावती में आयोजित इस कार्यक्रम में बार-बार जा रही थी लाईट? कहने वाले ने कहा हमें तो लग रही थी कार्यक्रम को प्रभावित करने के पीछे किसी की साजिश? अब हमारी है लाईट काटने वाले चेहरे पर नजर? सुना है जब से डेढा भैया का मामला येढ़ा बनकर पेढा खाने वालों पर पड़ रहा है भारी? तब से इस तरह की घटनाएं हो रही हैं उनके साथ बारी-बारी? ये तो शुक्र है कि पहलवान का आशीर्वाद सदा रहता है उन पर जारी?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के भगवा कमिश्नर और उनकी टीम के सदस्य, सदस्यता अभियान को लेकर अभी तक नहीं कर पा रहे हैं कोई खास प्रयास? हमें पता चला है कमिश्नर और उनकी पूरी टीम 500 का आकंड़ा पार नहीं कर पाई है साहब? कमिश्नर एक्टिव हैं फिर भी क्यों नहीं दिखा रहे हैं वो सख्ती? समझने वाले समझ जायें, ये वो कमिश्नर हैं ... जिनकी पार्टी के अन्य आयामों को पूरा करने में दिखाई देती है सख्ती? देखना अब ये है कि कैसे दिखाते हैं ये अपनी टारगेट को पूरा करने के लिए शक्ति?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं कौशिक दीदी को देना चाहता हूं बिना मांगे टिप्स? मैं चाहता हूं कि वो अब स्थानीय संगठन और स्थानीय नेताओं के साथ कर लें खुद को मिक्स? हमें पता है साहब के यहां पर उनके हैं विशेष जज्बात? मगर गाजियाबाद में ठंडी होने लगी है उनकी राजनीति की आग? ऐसे में उन्हें तैयार करना होगा नया प्लान? वो साहब के खेमे से भी जुड़ी रहे और स्थानीय राजनीति में भी उनके दर्शन होते रहें श्रीमान? आखिर उन्होंने लंबे समय से किया है पार्टी का काम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** गर्ग साहब की कृपा रहती है जनरेटर वालो पर ही साहब? जो इसके अलावा उनके खास हैं, उनका राजनीति में क्या होगा, इसका हमें नहीं हो रहा है कोई एहसास? कुशवाहा जी का भी मामला लग रहा है हमें ठंडा? चौधरी का भी नहीं लहरा रहा है झंडा? राजपूत का भी मामला नहीं दिख रहा है मजबूत? जायसवाल जी का वो टिकट वाले मामले में कितना सहयोग कर रहे हैं? इसका भी सामने नहीं आ रहा है कोई प्रूफ? सुना है नागर भी चल रहे हैं सीन से आउट? रेड फैस मैन के मन में भी बैठ गया है कोई डाउट?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा शर्मा पार्षद ने उजाड़ दिया अपने घर के बाहर लगा हुआ हरा भरा पेड़? कुल्हाड़ी से करवा दिया ना जाने क्यों उसको ढेर? सुना है ये पेड़ उनकी मार्किट में पैदा कर रहा था व्यवधान? ऐसी हम नहीं क्षेत्र के लोग ही चर्चा कर रहे थे श्रीमान? क्या ली है उन्होंने पेड़ काटने की वन विभाग वालों से परमीशन? इसको लेकर भी उठ रहे हैं तमाम तरह के सवाल? कहने वाले ने कहा व्यवसाय अपनी जगह ठीक है? लेकिन प्रकृति का कौन रखेगा ख्याल?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा कमांडर को प्यार करते हैं नदिया पार के दो पहलवान फेस? एक उनके बहुत ज्यादा करीब रहते हैं? दूसरे बन गये हैं मोहल्ले का फेस? मोहल्ले के फेस वाले पहलवान दूर रहकर भी दोनों दोस्तो सें मजबूत रखते हैं अपना बेस? जब भी इन दोनों की ओर से कोई पोस्ट सोशल मीडिया पर डाली जाती है? उसे तुरंत कर देते हैं वो कॉपी पेस्ट? इस बात से ये नहीं रखते हैं कोई भी इत्तेफाक? पोस्ट कितनी भी खतरनाक हो? उसको सोशल मीडिया पर चिपकाने में ये बिल्कुल भी नहीं हिचकिचाते हैं साहब?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** वैसे ही मैं बैठा था खाली? मेरे दिमाग में आ गये कुछ ख्याल जिनको देखते ही बज गई मेरे से ताली? मेरे दिमाग ने सोचा कि अगर भगवा कमांडर ने दे दिया अपने प्रिय क्रान्तिकारी त्यागी को ऑफिशियल प्रवक्ता वाला किरदार? ऐसा अगर हो गया होता तो फिर रोज कोई ना कोई क्रान्ति का सीन आ रहा होता बाहर? कभी व्हाट्सऐप तो कभी फेसबुक पर दिखाई देती त्यागी जी की क्रान्ति? राजनीति से गायब हो गयी होती शांति? शुक्र है ये था सिर्फ मेरा ख्याली पुलाव? जो कुछ देखा वो तो सिर्फ थी भ्रान्ति?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** दीवारों के होते हैं कान? इस बात का भगवा कमांडर के प्रिय बिरादरी वाले युवा चेहरे को रखना चाहिए ध्यान? सुना है कार्यालय पर गागर में सागर भरने वालों के खिलाफ वो बीप....बीप... वाले लहजे में कर रहा था बात? सुना है इस बात को पहुंचा दिया गया है गुर्जर चेहरे के पास? सुना है जब से पता चली है गुर्जर चेहरे को ये बात? तब से प्रतिशोध की ज्वाला उनमें धधक रही है बेहिसाब? अगर कमांडर ने नहीं जाना गुर्जर चेहरे का हाल? फिर हो सकता है कोई ना कोई जुबानी बवाल?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।